एमएनएच शक्ति लिमिटेड
(महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

एमएनएच

11 वीं वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा

2018-19

पंजीकृत कार्यालय: आनंद विहार, डाकघर: जागृति विहार
संबलपुर, ओ़डिशा, 768020

विषय सूची

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	कंपनी की सूचना	1
2.	सूचना	2
3.	निदेशकों का प्रतिवेदन	4
4.	सांविधिक लेखापरीक्षकों का प्रतिवेदन	13
5.	भारत के लेखानियंत्रक व महालेखाकार की टिप्पणियां	23
6.	सचिवीय लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन	24
7.	वार्षिक रिटर्न का विवरण	28
8.	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन-पत्र	36
9.	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि का विवरण	38
10.	इक्विटी में परिवर्तनों का विवरण	40
11.	तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखों के अंश स्वरूप विवरणी	41
12.	लेखा नीतियां एवं लेखों पर टिप्पणियां	92
13.	नगद प्रवाह विवरणी	102

कंपनी की सूचना

निदेशक मण्डल :

श्री ओ. पी. सिंह	अध्यक्ष	(दिनांक 30.09.2016 से प्रभावी)
श्री अशोक मछेर	निदेशक	(दिनांक 22.01.2019 से प्रभावी)
श्री आर. . विक्रमण	निदेशक	(दिनांक 09.08.2018 से प्रभावी)
श्री के. आर. वासुदेवन	निदेशक	(दिनांक 18.01.2019 से प्रभावी)

मुख्य कार्यकारी अधिकारी :
श्री ए. के. सिंह

मुख्य वित्तीय अधिकारी :
श्री एन. राजशेखर

कंपनी सचिव :
श्री सुमंत कुमार बेहेरा

सांविधिक लेखा-परीक्षक :
मेसर्स एसएबीडी एवं सहयोगियों,चार्टर एकाउंटेंट,
मेन रोड, केसिंगा, कलाहांडी – 766012,ओड़िशा.

सचिवीय लेखा-परीक्षक :
एम प्रधान एवं सहयोगियों, कंपनी सचिवालय
एन4/187,आईआरसी ग्राम , नयापल्ली
भुवनेश्वर -751015

बैंकर्स :

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,
एमसीएल परिसर शाखा
जागृति विहार, बुर्ला, सम्बलपुर - 768020.

यूको बैंक
जागृति विहार शाखा ,
जागृति विहार, बुर्ला, सम्बलपुर - 768020.

ऐक्सिस बैंक लिमिटेड.
आरआर मॉल, अशोका टॉकीज रोड,
वी.एस.एस. मार्ग , सम्बलपुर – 768001.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ,
बाज़ार कोलकाता के पास,गोल बाजार, सम्बलपुर - 768001

पंजीकृत कार्यालय :
आनंद विहार ,
पोस्ट ऑफिस - जागृति विहार, बुर्ला,
सम्बलपुर, ओड़िशा-768020.

दिनांक 13.06.2019

सूचना

11 वीं वार्षिक आम बैठक

एमएनएच शक्ति लिमिटेड की **11**वीं वार्षिक आम बैठक निम्नलिखित कार्यो को पूर्ण करने के उद्देश्य से दिनांक **25** जून**, 201**9**,** मंगलवार को सुबह 11.00 बजे से कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, आनंद विहार, पोस्ट- जागृति विहार, संबलपुर-768020, ओडिशा में आयोजित करने की सूचना दी जाती है।

सामान्य कार्य-

1. 31 मार्च**,** 201**9** को समाप्त वित्तीय वर्ष के तहत कंपनी की लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणी जिसमें 31 मार्च**,** 2019 का लेखापरीक्षित तुलनपत्र**,** उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि का विवरण**,** निदेशक मण्डल**,** वैधानिक परीक्षक तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार के रिपोर्ट को स्वीकार व पालन करने हेतु शामिल किया गया है।

2. कंपनी अधिनियम**,** 2013 की धारा 152(6) के रोटेशन टर्म के कारण सेवानिवृत्त हुये निदेशक श्री आर. विक्रमन (डीआईएन- 07601778) के स्थान पर पात्र होने के कारण उन्हे पुनः निदेशक नियुक्त किया गया है।

3. कंपनी अधिनियम**,** 2013 की धारा-139(5) के साथ धारा-142 को भी पढ़ा जाये**,** जो कि कंपनी के वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान संवैधानिक लेखा परीक्षकों के नियत पारिश्रमिक को तय करने के लिए तथा संशोधन अथवा बिना संशोधन के निम्न संकल्प को सामान्य संकल्प के रूप में पारित करने हेतु निदेशक मण्डल को प्राधिकृत करती है।

"संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम**,** 2013 की धारा 142 के अनुसरण में कंपनी के निदेशक मण्डल को वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए धारा 139(5) के अधीन नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा कंपनी के लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक को नियत करने हेतु एतद द्वारा नियुक्त किया जाता है।"

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एम.एन.एच. शक्ति लिमिटेड
ह/-
(एस. के. बेहरा)
कंपनी सचिव

पंजीकृत कार्यालय-

आनंद विहार, डाकघर- जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर-768020

टिप्पणी-

1. बैठक में भाग लेने तथा अपने मतदान हेतु पात्र सदस्य अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने एवं मतदान देने हेतु किसी को प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते हैं। इस हेतु प्रतिनिधि को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं हैं। बैठक में भाग लेने हेतु अपने प्रतिनिधि भेजने के इच्छुक कॉर्पोरेट सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने एवं मतदान करने हेतु प्रतिनिधियों को अधिकृत करने के साथ-साथ बोर्ड के संकल्प की प्रमाणित प्रति साथ में भेजें।
2. शेयरधारकों से अनुरोध है कि कं पनी अधिनियम, 2013 की धारा 101(1) के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसरण में लघु नोटिस पर वार्षिक आम बैठक बुलाने हेतु अपनी सहमित दें।

सदस्यगण:

1. महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर-768020
   (ध्यानार्थः कंपनी सचिव, एमसीएल)
2. नेयवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नेयवेली हाउस नं.13 जे, पेरियार ईव्हीआर हाई रोड, कीलपाउक, चेन्नई-600010 (ध्यानार्थः कंपनी सचिव, एनएलसी)
3. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सेंचुरी भवन, तृतीय तल, डॉ. एनी बिसेंट रोड, वर्ली, मुंबई-400025 (ध्यानार्थः कंपनी सचिव-हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड)

लेखापरीक्षक:

1. मेसर्स एसएबीडी एंड एसोसियट्स**,** सनदी लेखाकार मेन रोड**,** केसिंगा कालाहांडी 766012**,** ओड़िशा
2. प्रधान निदेशक, प्रधान निदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा एवं पदेन सदस्य का कार्यालय, लेखा परीक्षा बोर्ड- II, ओल्ड निज़ाम पैलेस, 234/4 आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड, कोलकाता-700020
3. एम. प्रधान एण्ड एसोसिएट, कंपनी सेक्रेटरीज, N4/187, आईआरसी विलेज, नयापल्ली, भुवनेश्वर- 751015.

निदेशक गण :

1. सभी निदेशकगण– एमएनएच शक्ति लिमिटेड मण्डल

निदेशकों का प्रतिवेदन

सेवा में
शेयरधारक गण
एमएनएच शक्ति लिमिटेड
प्रिय सदस्यगण,

एमएनएच शक्ति लिमिटेड की 11 वीं वार्षिक सामान्य बैठक में आपका स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत खुशी का अनुभव हो रहा है। मैं आपकी कंपनी की 11 वीं वार्षिक रिपोर्ट, 2018-19 के लेखापरीक्षित लेखा, सांविधिक लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन और भारत के लेखा नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां प्रस्तुत कर रहा हूं।

एमसीएल के नियंत्रण क्षेत्र में 6.5 एमटीवाई. क्षमतावाली तलाबीरा-3 खान की परियोजना रिपोर्ट को भारत सरकार ने जून, 2002 में अनुमोदित किया था। किन्तु, योजना आयोग ने परियोजना रिपोर्ट को उच्च क्षमता के साथ संशोधित करने का निर्देश दिया था। तदनुसार, 6.5 एमटीवाई की परियोजना रिपोर्ट नवंबर, 2004 में वापस ले ली गई। तत्पश्चात, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रभाग आदित्य एल्यूमिनियम एवं नेवेली लिगनाईट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के उनकी कैप्टिव खपत हेतु तलाबीरा-2 खान के आबंटन के अनुरोध पर कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने तलाबीरा-2 व तलाबीरा-3 की खानें संयुक्त रूप से महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, नेवेली लिगनाईट कॉर्पोरेशन और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आबंटित करने का निर्णय लिया। केन्द्र सरकार ने ये खानें संयुक्त रूप से एमसीएल, एनएलसी और एचआईएल को 10 नवंबर, 2005 को आबंटित की। केन्द्र सरकार ने कोयले संरक्षण और प्रौद्योगिकी का अधिकतम नियोजन सुनिश्चित करने के लिए तलाबीरा-2 और तलाबीरा-3 कोयला ब्लॉकों को 20 मी.टन क्षमता और 23 मी.टन. की अधिकतम क्षमता सहित तलाबीरा ओसीपी नामक खान बनाकर, एक तरफ एमसीएल और दूसरी तरफ एनएलसी व एचआईएल के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन का निर्णय लिया। संयुक्त उद्यमी कंपनी में एमसीएल की इक्विटी 70% होगी जबकि शेष 30% इक्विटी मेसर्स नेयवली लिग्नाईट कार्पोरेशन एवं मेसर्स हिंडाल्को की अर्थात प्रत्येक की 15% होगी। तदनुसार, एमएनएच शक्ति लिमिटेड नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी, 16 जुलाई, 2008 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित और पंजीकृत की गई।

तालाबीरा ओसीपी (20 मी.टन) की परियोजना रिपोर्ट एमसीएल बोर्ड (एक मिनी रत्न कंपनी) ने दिनांक-29.03.2008 को हुई अपनी 94वीं बैठक में कोयला एवं ओवरबर्डन के लिए आउटसोर्सिंग हिस्सों, दोनों के लिए रूपए 447.72 करोड़ की आरंभिक पूंजी लागत के साथ अनुमोदित हुई तथा एमएनएच शक्ति बोर्ड ने अपनी 15 जुलाई, 2010 को हुई सातवीं बैठक में इसका अनुमोदन किया।

परियोजना में 994.5 हेक्टेयर कोयला धारित क्षेत्र है जो एफ1-एफ1 पश्चिम में गैर कोयला क्षेत्र से सीमाबद्ध है। पूर्वी सीमा को भू-गर्भीय ब्लॉक सीमा/गैर-कोयला क्षेत्र से चिह्नित किया गया है। उत्तरी सीमा को ईब नदी से चिह्नित किया गया है और दक्षिण में तलाबीरा-। खान की साझी सीमा है, जिसका संचालन हिंडाल्को कर रहा है।

इस ब्लॉक का खनन योग्य भंडार 553.98 मी.टन. (ईब सीम व रामपुर सीम में) है। खान स्टीपिंग अनुपात 1:1.09 में कार्य करेगी। अधिकांश कोयला जी-11 एवं जी-17 श्रेणी के हैं जो थर्मल पावर के लिए उपयुक्त है। खान की अधिकतम क्षमता 20 एमटीवाई और आयु 34 वर्ष है ।

भू-अधिग्रहण की स्थिति-

तलाबीरा-।।। कोल ब्लॉक के लिए - कोल ब्लॉक के संयुक्त आबंटन से पूर्व सीबीए (ए एंड डी) अधिनियम के अंतर्गत 1530.170 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण एमसीएल के ईब वैली क्षेत्र द्वारा किया गया और दिनांक 03.12.2005 के अधिसूचना U/S11(1) का अवलोकन करते हुए एमसीएल में निहित किया गया।

तत्पश्चात, तलाबीरा-II कोयला ब्लॉक के लिए 383.893 हैक्टेयर भूमि का सीबीए अधिनियम के अन्तर्गत अधिग्रहण किया गया और दिनांक 26.02.2011 के अधिसूचना U/S 11(1) के अन्तर्गत अधिसूचना द्वारा एमसीएल में निहित किया गया।

इस परियोजना के लिए कुल 1914.063 हेक्टेयर (पुनर्वास व रहवास के लिए आवश्यक भूमि को छोड़कर) भूमि का अधिग्रहण किया गया और इसमें झारसुगुड़ा जिला के रामपुर, मालदा एवं पतरापाली गांव तथा संबलपुर जिला के तलाबीरा एवं खिंडा गांव शामिल हैं। अधिग्रहित भूमि का विवरण निम्नानुसार है-

काश्तकारी भूमि	451.829 हेक्टेयर
गैर-वन सरकारी भूमि	424.047 हेक्टेयर
राजस्व वन भूमि	578.005 हेक्टेयर
मानित वन भूमि	460.182 हेक्टेयर
कुल	1914.063 हेक्टेयर

<u>सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण</u> :

ओड़िशा की आर एंड आर नीति 2006 के अनुसार सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण और सामाजिक सांस्कृतिक संसाधन मैपिंग एवं आधारसूत्र संरचना सर्वेक्षण किसी स्वतंत्र संस्था द्वारा किया जाना है। तदनुसार, ओड़िशा सरकार ने तलाबीरा (।। व ।।।) परियोजना में मेसर्स एग्रीकल्चरल एंड रूरल डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सोसाइटी, भुवनेश्वर द्वारा उपरोक्त सर्वेक्षण किए जाने हेतु आरडीसी, संबलपुर की अनुशंसा को अनुमोदित कर दिया है। एमएनएच शक्ति लिमिटेड के बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात् मेसर्स ए.आर.डी.सी.ओ.एस., भुवनेश्वर को कार्यादेश दे दिया गया है।

एजेंसी ने सभी ग्रामों से आंकड़े संग्रहण करने का कार्य पूर्ण कर लिया है। एजेंसी द्वारा प्रस्तुत मसौदा रिपोर्ट में कुछ विसंगतियों की और रिपोर्ट को आशोधित करने के लिए कहा गया। एजेंसी ने रिपोर्ट को अंतिम रुप देने के लिए जिला प्रशासन सहित ग्रामीणों से आपतियां, यदि कोई हो, आमंत्रित करना शुरु कर दिया है। मेसर्ज ए.आर.डी.सी.ओ.एस. ने अधिग्रहिस क्षेत्र पर सर्वेक्षण पर अपनी अंतिम रिपोर्ट आगामी कार्रवाई हेतु भूमि अधिग्रहण अधिकारी, संबलपुर को 04.03.2014 को प्रस्तुत कर दी है।

<u>पुनर्वास स्थल :</u>

मालदा और पतरापली के विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास स्थल हेतु हिरमा ग्राम की 94.32 एकड़ सरकारी गैर-सरकारी भूमि के निपटान के लिए तहसीलदार, झारसुगुड़ा को पट्टा आवेदन दे दिया गया है। विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास स्थल हेतु ग्राम दंतामुरा की 27.00 एकड़ सरकारी(गैर-वन) भूमि तथा खिंडा ग्राम के लिए 57.65 एकड़ सरकारी(गैर-वन) भूमि के निपटान हेतु तहसीलदार, रेंगाली को पट्टा आवेदन दिया गया है।

<u>वन पथांतरण की स्थितिः</u>

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, सम्बलपुर को डीएफ़ओ(एन) द्वारा दिनांक-14.08.2013 को वन पथांतरण प्रस्ताव अग्रेषित किया गया। दिनांक 24.01.2014 को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, सम्बलपुर ने पथांतरण के लिए प्रस्तावित वन क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा दिनांक-01.02.2014 को संयुक्त पीसीसीएफ़, भुवनेश्वर के समक्ष प्रस्ताव की अनुशंसा की। जांच के उपरांत पीसीसीएफ़, भुवनेश्वर ने दिनांक 22.03.2014 को प्रधान सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग, ओड़ीशा सरकार, भुवनेश्वर के समक्ष अपने प्रस्ताव को अग्रेषित किया है।

<u>पर्यावरण मंजूरी की स्थितिः</u>

सीबीआई के जांच परिणाम और कुछ विशिष्ट शर्तों के साथ भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयानुसार नई दिल्ली में दिनांक-28.06.2014 को ईएसी की 15वीं बैठक आयोजित हुई जिसमें ईएसी ने तलाबीरा-II एवं III ओसीपी के लिए पर्यावरण निकासी की अनुशंसा की है।

1. जल रिसाव या भू-क्षरण को रोकने के लिए जलाशय के तटबंध के ऊपर घास लगाने और वृक्षारोपण के साथ-साथ पत्थर डालकर भू-समतलीकरण किया जाता है।
2. प्रस्तावक जल विज्ञान अध्ययन और बाढ़ एवं सिंचाई विभाग के अनुमोदन के आधार पर बाढ़ तटबंध तैयार किया जाता हैं।
3. खान क्षेत्र से अंतिम उपयोगकर्ता तक कोयला के सड़क परिवहन हेतु राज्य सरकार से अनुमोदन प्राप्त किया गया।
4. वन्यजीव प्रबंधन योजना तैयार की जाती है और वन्यजीव संरक्षण बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त किया जाता है। वन्यजीव बोर्ड के सिफारिशों को लागू भी किया जाता है।
5. डंपर का अवागमन सिर्फ भीतरी क्षेत्र तक सीमित होगा। फिर भी यांत्रिक रूप से ढके ट्रकों को तीन वर्ष के लिए लगभग 12 किलोमीटर तक की दूरी के लिए अन्तरिम परिवहन की इजाजत प्राप्त है।

रेलवे साइडिंगः

रेल द्वारा 20 मिलियन टन कोयले के प्रतिवर्ष प्रेषण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने हेतु मेसर्स राईट्स को कार्यादेश जारी किया गया। मेसर्स राईट्स ने दिनांक 28.08.2012 को लपांगा स्टेशन को अपने संरक्षण में लेने हेतु व्यवहार्यता रिपोर्ट प्रस्तुत की है। मेसर्स राइट्स ने कोडल प्रभार में 1% वृद्धि के साथ 2.56 करोड़ (256 करोड़ की अनुमानित विस्तृत कार्यक्रम प्रतिवेदन) अग्रिम के रूप में पूर्व तट रेलवे को जमा की जाने की मांग की है या प्रस्ताव तकनीकी जांच के अधीन रखा है। दिनांक-07.09.2013 को 2.27 करोड़ का कोडल प्रभार पूर्व तट रेलवे को जमा किया गया। आर.टी.सी. ने इसे दिनांक 24.03.2014 को रेलवे बोर्ड को आगामी कार्रवाई हेतु भेजा।

वर्तमान स्थिति

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 24 सितंबर 2014 को भारत सरकार के गोपन समिति की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा किए गए कोयला ब्लॉक के आवंटन पर एक फैसला सुनाया है, जिसके अनुसार सरकारी व्यवस्था द्वारा आबंटन मनमाना और गैर-कानूनी है। निजी संस्था या सरकारी कंपनी जिनका निजी संस्था के साथ संयुक्त उद्यम है को आवंटित कोल ब्लॉक को 1993 से प्रभावी रूप से रद्द कर दिया गया है। उच्चतम न्यायालय के फैसले के आधार पर तलाबीरा- II एवं III के कोयला ब्लॉक को दिनांक-24.09.2014 के तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया है।

कोयला खनन (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2015 के प्रावधान के अनुसार नामित प्राधिकारी द्वारा जारी पत्र संख्या-103/1/2016/एनए, दिनांक-17.02.2016 के तहत नेवेली लिग्नाइट निगम लिमिटेड को तालबीरा ॥ एवं ॥। के कोयला खान के आवंटन से संबन्धित निर्णय का सम्प्रेषण किया गया और पूर्व आवंटी से देय मुआवजा राशि के मूल्यांकन हेतु निर्धारित प्रारूप के अंतर्गत खास जानकारी मांगी गई एवं दिनांक 29.02.2016 को पूर्व आवंटी यानि एमएनएच शक्ति लिमिटेड द्वारा ई-मेल के माध्यम से उसे प्रेषित किया गया।

कंपनी नामित प्राधिकारी, कोयला मंत्रालय के माध्यम से भूमि अधिग्रहण, प्रगतिशील कार्यों में लगी पूंजी और अमूर्त परिसंपत्ति में खर्च किये गए राशि के लिए नए आवंटी से मुआवजा प्राप्त करने का हकदार रखती है। कोयला खान (विशेष प्रावधान) अधिनियम के तहत नामित प्राधिकारी द्वारा मुआवजा का निर्धारण किया जा रहा है।

नामित प्राधिकारी के कार्यालय से पूर्व आवंटी के पत्रांक-110/13/2015/एनए, दिनांक-12.09.2016 के अनुसार भुगतान आयुक्त, कोयला नियंत्रक कार्यालय (सीसीओ), कोलकाता की सहमति से भौगौलिक रिपोर्ट की लागत एवं मुआवजा की अग्र संवितरण राशि अंतरित की गई है। इसमें तलाबीरा ॥ एवं ॥। कोयला खदान की मुआवजा राशि 15,88,94,332 का अंतरण दिनांक-04.01.2017 को एमएनएच शक्ति लिमिटेड के नाम से किया गया।

पुन: नामित प्राधिकारी के कार्यालय से पूर्व आवंटी के दिनांक-01.12.2016 के पत्रांक 110/9/2015/एनए(भाग-॥) के तहत भुगतान आयुक्त अर्थात कोयला नियंत्रक कार्यालय (सीसीओ), कोलकाता की सहमति से खदान आधारभूत संरचना की लागत की मुआवजा को अग्र संवितरण राशि में अंतरित किया गया। इसमें सिर्फ तलाबीरा ॥ एवं ॥। के

कोयला खदान की मुआवजा राशि-2,66,56,000 रुपये (2 करोड़ 66 लाख 56 हजार रुपये) शामिल है। तदोपरांत कोयला नियंत्रक कार्यालय ने दिनांक-08.02.2017 को एमएनएच शक्ति लिमिटेड के नाम से मुआवजा राशि का अंतरण किया है।

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा अर्जन व खर्चः

उपरोक्त मामलों पर कोई जानकारी देना आवश्यक नहीं हैं क्योंकि कंपनी का निगमन 2008-09 में हुआ है और इस प्रकार की कोई गतिविधि शुरू नहीं हुई है।

जोखिम प्रबंधन

प्रभावी जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया हेतु कंपनी ने विभिन्न कार्यक्षेत्रों में जोखिम की पहचान, आकलन एवं नियंत्रण हेतु पारम्परिक, आंतरिक एवं बाहरी जोखिमों पर आवश्यक नियंत्रण हेतु नियमित उपाय किए है, भू-अधिग्रहण, वन अनुमति एवं पर्यावरण संबंधी समस्याएं कुछ महत्वपूर्ण कारक है जिन पर प्रबंधन द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है।

संबंधित पार्टी लेन-देन

सभी संबंधित पार्टी लेन-देन जो वित्तीय वर्ष के दौरान आर्मस लेंथ आधार पर प्रवेश किये थे तथा सामान्य व्यापर में शामिल किये गये थे कंपनी द्वारा प्रोमोटरों मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों या पर्दे के साथ मेटेरियल सिग्निफिकेंस संबंधी पार्टी लेन-देन नहीं किया जाता है।

ऋण गारंटी और निवेशों का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186(4) और (11) तथा कॉरपोरेट मामले के मंत्रालय द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2015 को जारी स्पष्टीकरण के तहत् वित्तीय विवरणी में किये गये निवेश, दिये गए ऋण या ऋण की गारंटी या उपलब्ध कराये गये प्रतिभूति और जिस हेतु ऋण या गारंटी या प्रतिभूति पस्तावित है को लोन या गारंटी प्राप्त कर उसका खुलासा करें।

निगरानी तंत्र / विशेल ब्लोअर नीति

एक सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी की सारी गतिविधियों सी एंड ए.जी. सतर्कता, सीबीआई आदि द्वारा लेखा परीक्षा के लिए खुले है।

नामांकन समिति

कंपनी ने नामांकन समिति का गठन अभी तक नहीं किया है।

कॉरपोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी

कंपनी ने वर्ष के दौरान विकास की स्थिति में सी.एस.आर. गतिविधियों की दिशा में कोई व्यय नहीं किया है।

पूंजी संरचनाः - कंपनी का दिनांक 31.03.2019 को इक्विटी शेयर पूंजी रूपए 10,000.00 लाख है और जारी तथा सब्सक्राइब्ड इक्विटी पूंजी रु. 8510.00 लाख है, जिसे कंपनी के शेयरधारकों ने अंशदान स्वरूप दी है, जिसका विवरण निम्नलिखित हैं :-

(रु.लाख में)

शेयरधारकों के नाम	राशि
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड	5957.00
नेवेली लिग्नाइट लिमिटेड	1276.50
हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड	1276.50

वित्तीय समीक्षाः

कंपनी की तलाबीरा-।। एवं ।।। खानें विकासाधीन हैं। कंपनी की लेखांकन नीति के अनुसार इस अवधि में हुए सभी खर्च को पूंजीकृत किया गया है, अत: आलोच्य अवधि का लाभ-हानि लेखा के वर्ष 2018-19 वित्तीय वर्ष के अंत में शून्य दर्शाता हैा लेखा के मुख्य वित्तीय आंकड़े निम्नानुसार हैं-

31 मार्च, 2019 के अनुसार तुलनपत्र मद

(रु.लाख में)

क्र.संख्या	विवरण	31 मार्च,2019 के अनुसार	31 मार्च, 2018 के अनुसार
1	अधिकृत शेयर पूंजी	10000.00	10000.00
2	प्रदत्त शेयर पूंजी	8510.00	8510.00
3	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	2060.16	2139.41
4	पूंजीगत कार्य में वृद्धि	10.18	252.67
5	अन्वेषित तथा मूल्यांकित संपत्ति	0.00	0.00
6	नगद तथा नगद के समकक्ष (जमा सहित)	5900.83	5584.87
7	अन्य मौजूदा परिसंपत्ति (वित्तीय परिसंपत्ति सहित)	524.47	488.83
8	अन्य चालू देनदारियां	11.50	7.93
9	प्रारंभिक व्यय	52.15	52.15

<u>आय और व्यय सीधे तुलनपत्र को हस्तांतरित</u>
(पूंजी कार्य की प्रगति नोट-4)

(रु.लाख में)

क्र.	राजस्व व्यय का तुलन पत्र में हस्तांतरण	वर्तमान वर्ष 2018-19	गत वर्ष 2017-18
1	कर्मचारियों का वेतन व मजदूरी	27.40	5.38
2	मरम्मत खर्च	0.00	0.05
3	बी.जी/अन्य के लिए बैंक प्रभार	0.02	0.01
4	वाहन किराया व्यय	0.59	3.93
5	बैठक खर्च	0.06	0.23
6	लेखा परीक्षा शुल्क	1.88	1.49
7	यात्रा खर्च एवं स्थानांतरण यात्रा भत्ता	0.28	2.34
8	बिल्डिंग का किराया	2.40	2.40
9	चिकित्सा प्रतिपूर्ति	0.42	1.04
10	प्रिंटिंग तथा स्टेशनरी	0.47	0.43
11	एमसीएल से ऋण के लिए ब्याज	0.47	4.75

12	अन्य व्यय	0.76	1.02
13	मूल्यह्रास	79.25	79.25
14	**कुल व्यय**	**114.00**	**102.32**
15	**कमः फिक्स्ड डिपॉजिट तथा अन्य पर ब्याज आय**	**356.49**	**287.18**
16	**कुल व्यय के तुलन पत्र पर स्थानांतरण**	**-242.49**	**-184.86**

लेखापरीक्षक:

कंपनी अधिनियिम, 2013 की धारा 139 के अंतर्गत निम्नलिखित लेखापरीक्षा फर्म को वर्ष 2018-19 के लेखों की लेखापरीक्षा करने के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया-

मेसर्स एस.ए.बी.डी एंड एसोसियेट्स
सनदी लेखाकार
मेन रोड, कसिंगा
कलाहांडी-766012
ओड़िशा

कंपनी अधिनियिम, 2013 की धारा-204 के अंतर्गत निम्नलिखित फर्म को वर्ष 2018-19 के सचिवीय लेखापरीक्षा करने के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

एम प्रधान एण्ड एसोसिएट्स, कंपनी सचिवालय

N4/187, आईआरसी विलेज, नयापल्ली

भुवनेश्वर -751015

निदेशक मंडल
निम्नलिखित व्यक्ति रिपोर्ट की अवधि में कंपनी के निदेशक थेः

श्री ओ. पी. सिंह	अध्यक्ष	(30.09.2016 से प्रभावी)
श्री अशोक मछेर	निदेशक	(22.01.2019 से प्रभावी)
श्री आर. विक्रमण	निदेशक	(09.08.2018 से प्रभावी)
श्री के. आर. वासुदेवन	निदेशक	(18.01.2019 से प्रभावी)
श्री एस. अशरफ	निदेशक	(13.03.2019 तक)
श्री बी. पी. मिश्रा	निदेशक	(22.01.2019 तक)
श्री सुबीर दास	निदेशक	(09.08.2018 तक)
श्री एल.एन. मिश्रा	निदेशक	(18.01.2019 तक)
श्री जे. पी. सिंह	निदेशक	(13.03.2019 तक)

16. बोर्ड की बैठकें:

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बोर्ड की चार बैठकें आयोजित की गई थी। बोर्ड की बैठक का विवरण अवधियों के साथ नीचे दी जा रही है।

बैठक संख्या	बैठक की तिथि	बैठक आयोजन स्थल
44 वां	27.04.2018	एमसीएल कार्यालय, संबलपुर
45 वां	06.08.2018	एमसीएल कार्यालय, संबलपुर
46 वां	29.11.2018	एमसीएल कार्यालय, संबलपुर
47 वां	30.03.2019	एमसीएल कार्यालय, संबलपुर

निदेशको की व्यक्तिगत उपस्थिति के साथ बोर्ड की संरचना का विवरण:-

निदेशकों के नाम	श्रेणी	बोर्ड बैठक	
		अवधि में हुई बैठक	उपस्थिति
श्री ओ. पी. सिंह	नॉन-एक्जेक्यूटिव	4	4
श्री एस. अशरफ	सरकारी उम्मीदवार	3	0
श्री बी. पी. मिश्रा	नॉन-एक्जेक्यूटिव	3	0
श्री सुबीर दास	नॉन-एक्जेक्यूटिव	2	0
श्री एल.एन. मिश्रा	नॉन-एक्जेक्यूटिव	3	3
श्री जे. पी. सिंह	नॉन-एक्जेक्यूटिव	3	3
श्री अशोक मछेर	नॉन-एक्जेक्यूटिव	1	1
श्री आर. विक्रमण	नॉन-एक्जेक्यूटिव	2	2
श्री के. आर. वासुदेवन	नॉन-एक्जेक्यूटिव	1	0

<u>निदेशकों का दायित्वपूर्ण विवरण</u>

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (5) के आवश्यकतानुसार माननीय सभी निदेशकों के दायित्वपूर्ण वक्तव्यों की पुष्टि -

1. 31.03.2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सामग्री निर्गत संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखा मानकों (लेखा टिप्पणियों के खुलासे के अलावा) का अनुसरण किया गया है।
2. निदेशकों ने ऐसी लेखा नीति का चयन कर उसका सुसंगत प्रयोग किया एवं उचित तथा विवेकपूर्ण निर्णय सहित आकलन किया है, ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति तथा आलोच्य वर्ष में कंपनी के लाभ एवं हानि का सही तथा उचित जानकारी दी जा सके।
3. कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने तथा रोकथाम करने हेतु इस अधिनियम के प्रावधान के अनुसार समुचित लेखा रिकार्डों के अनुरक्षण के लिए निदेशकों द्वारा उचित तथा पर्याप्त सावधानी बरती गई है।

4. निदेशकों ने 31.3.2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए क्रियाशील कारोबार 'गोइंग कंसर्न' के आधार पर खातों को तैयार किया है।
5. निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की थी और इस तरह के प्रणाली पर्याप्त थी और प्रभावी ढंग से परिचालन कर रही थी।

कर्मचारियों का ब्यौराः

कंपनी के कर्मचारियों के संबंध में नियमावली 2014 के तहत् आवश्यक जानकारी कंपनी के अनुभाग 197 के साथ नियम 5 को भी (नियुक्ति तथा प्रबंधकीय कर्मचारियों का वेतन) पढ़े जाने के अनुरोध पर प्रदान की जायेगी। अधिनियम की धारा-136 के तहत् कर्मचारियों से संबंधित सूचना को छोड़कर कंपनी के सदस्यों तथा अन्य हकदारों की रिपोर्ट तथा खातों से संबंधित जानकारी भेजी जा रही है, उपलब्ध विवरणों का निरीक्षण वार्षिक आम बैठक की आगामी तिथि निर्धारित करने हेतु कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के सदस्यों द्वारा किया जायेगा। यदि कोई सदस्य इसकी जांच करना चाहता हे तो वह सदस्य कंपनी सचिव को अग्रिम में लिखे।

बैंकों के नाम एवं पतेः-

क्रं.सं.	**नाम**	**शाखा का पता**
1.	भारतीय स्टेट बैंक	एमसीएल कॉम्प्लेक्स शाखा, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, पिन-768020
2.	यूको बैंक	जागृति विहार शाखा (कोड 1890) जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, पिन-768020
3.	एक्सिस बैंक लिमिटेड	आर.आर.मॉल, अशोका टॉकीज रोड, वी.एस.एस.मार्ग, संबलपुर, ओड़िशा, पिन-768001
4.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	कोलकाता बाजार के बगल में, गोल बाजार, संबलपुर-768001

भारत के नियंत्रक तथा महालेखाकार की टिप्पणी

दिनांक 31.03.2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखों पर भारत के नियंत्रक तथा महालेखाकार की टिप्पणी संलग्नित है।

लेखापरीक्षक/सचिवीय लेखा परीक्षा की रिपोर्टः

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के तहत् प्रासंगिक टिप्पणियों के साथ अवलोकित लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ पढ़ा जाये जो कि आत्म व्याख्या तक है, स्वतः स्पष्ट है अतः इस पर आगे किसी भी तरह की टिप्पणी न की जाये। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) की आवश्यकता के अनुसार कंपनी सचिवीय लेखा परीक्षा की प्राप्त रिपोर्ट संलग्नित है।

वार्षिक रिटर्न का सार

फॉर्म एमजीटी -9 के रूप में वार्षिक रिपोर्ट के का हिस्सा बनाने की विस्तार से व्याख्या की गई है, जिसे इसके साथ संलग्न किया गया है।

अभिस्वीकृतिः-

आपके निदेशकगण कंपनी के विकास के लिए एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक द्वारा दिए गए अपने बहुमूल्य सुझाव के लिए आभारी हैं।

आपके निदेशकगण कंपनी के विकास के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा समय-समय पर दी गई सहायता एवं सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

आपके निदेशकगण लेखा परीक्षकों, प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखापरीक्षक एवं पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड-II, कोलकाता के अधिकारी एवं स्टाफ, भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय आदेश एवं कंपनी पंजीयक, ओडिशा द्वारा दी गई सेवाओ के लिए उनकी सराहना करते हैं।

परिशिष्ट

निम्नलिखित कागजात संलग्न है

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अंतर्गत नियुक्त किये गये सांवधिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट। (परिशिष्ट-I)

2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(बी) के अंतर्गत नियुक्त भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार की रिपोर्ट (परिशिष्ट-II)
3. सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट। (परिशिष्ट-III)
4. वार्षिक रिटर्न का सार। (परिशिष्ट-IV)

ह/-

Date: 13.06.2018 **(ओ. पी. सिंह)**

Place: **सम्बलपुर** **डीआईएन - 07627471**

अध्यक्ष, एमएनएच शक्ति लिमिटेड

. वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,
एमएनएच शक्ति लिमिटेड के सदस्य

भारतीय मानक लेखांकन वित्तीय विवरण पर रिपोर्ट

हमने एमएनएच शक्ति लिमिटेड ("कंपनी") के भारतीय मानक लेखांकन वित्तीय विवरण के साथ ऑडिट किया है, जो दिनांक 31/03/2019 के अनुसार तैयार बैलेंस शीट शामिल हैं, लाभ और हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), नकदी प्रवाह विवरण और संबंधित समाप्त वर्ष के लिए इक्विटि बदलाव विवरण, और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश और अन्य विवरणात्मक जानकारी(इसके बाद भारतीय मानक लेखांकन वित्तीय विवरण के रूप में जाना जाय)

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी इन भारतीय मानक लेखांकन वित्तीय विवरणों तैयारी के संबंध में अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 134 (5) में वर्णित मामलों के लिए जिम्मेदार है, जो भारतीय लेखा मानक (Ind AS) सहित भारत में समान्य तौर पर स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ-साथ कंपनी अधिनियम की धारा 133 के तहत कंपनी की अन्य व्यापक आय, नकदी प्रवाह और कंपनी की इक्विटी में परिवर्तन सहित वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन का एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान है,
इस जिम्मेदारी में अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए पर्याप्त लेखा अभिलेखों का रखरखाव भी शामिल है; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और आवेदन; निर्णय और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण हैं; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो कि लेखांकन के रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करते हैं , जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति से संबंधित है जो एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं और तथ्यात्मक गलत रिपोर्ट जो चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, से मुक्त होते हैं।

लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारे ऑडिट के आधार पर इन भारतीय मानक लेखांकन वित्तीय विवरणों पर एक विचार व्यक्त करना है।

हम लोगों अधिनियम के प्रावधानों, लेखा और ऑडिटिंग मानकों और उसमें शामिल ऐसे ममलें जो अधिनियम और नियम के तहत अधिनियम और प्रावधानों के तहत ऑडिट रिपोर्ट में शामिल किए जाना आवश्यक है को ध्यान में रखा है।

हमने अधिनियम की धारा 143 (10) के तहत लेखा परीक्षा पर निर्दिष्ट मानकों के अनुसार अपना ऑडिट किया। उन मानकों में आवश्यकता है कि हम नैतिक आवश्यकताओं और योजना का पालन करें और इस बारे में कि क्या भारतीय मानक लेखांकन वित्तीय विवरण तथ्यात्मक गलत रिपोर्ट से मुक्त हैं के उचित आश्वासन प्राप्त करने के

लिए ऑडिट करें। ऑडिट में भारतीय मानक लेखांकन वित्तीय विवरणों में राशि और प्रकटीकरण के बारे में ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करने के लिए की क्रियाशील प्रक्रियाएं शामिल हैं। चयनित प्रक्रियाएं वित्तीय विवरणों की तथ्यात्मक गलत रिपोर्ट के जोखिम-आकलन ,चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, के सहित ऑडिटर के निर्णय पर निर्भर करती हैं। उन जोखिमों का आकलन करने के लिए, ऑडिटर भारतीय मानक लेखांकन वित्तीय विवरणों के कंपनी की तैयारी से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर विचार करते हैं जो ऑडिट प्रक्रियाओं को निर्माण करने के लिए एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देता है जो परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त हो। ऑडिट में भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन के साथ-साथ, प्रयोग में लाई जाने वाली लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन और कंपनी के निदेशकों के लेखांकन अनुमानों की तर्कशीलता में शामिल होती है

हम मानते हैं कि हम लोगों ने जो ऑडिट साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों पर हमारी ऑडिट मान्यता को एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

मान्यता

हमारी मान्यता और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपर्युक्त भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण अधिनियम द्वारा आवश्यक तरीके जानकारी प्रदान करते हैं और 31 मार्च, 2019 के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति के भारतीय लेखांकन मानक सहित भारत में सामान्यतः स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए इसके नकदी प्रवाह और इक्विटी में होने वाले परिवर्तनों का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करता है।

अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

(i) भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 के उप खंड (11) के संदर्भ में आवश्यक कंपनियों (लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("ऑर्डर") के अनुसार, हम अनुलग्नक-ए, लागू सीमा तक आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर विवरण प्रदान करते हैं।

(ii) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (5) के तहत आवश्यक, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा ऑडिट पर सुझाई गई कार्यप्रणाली के अनुपालन के उपरांत जारी निदेशों पर एक विवरण और कंपनी के खातों और वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव और उस पर कृत कार्रवाई को हम इस रिपोर्ट के **अनुलग्नक - ख** में प्रदान करते हैं।

(ii) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (5) के तहत आवश्यक, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा वर्ष 2018-19 के लिए कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी अनुषंगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के ऑडिट के लिए ऑडिट पर सुझाई गई कार्यप्रणाली के अनुपालन के उपरांत जारी अतिरिक्त-निदेशों पर एक विवरण और कंपनी के खातों और वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव और उस पर कृत कार्रवाई को हम इस रिपोर्ट के **अनुलग्नक - ग** में प्रदान करते हैं।

अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार, हम निम्न रिपोर्ट प्रदान करते हैं:

(क) हमने उन सभी सूचनाओं और स्पष्टीकरणों का मांग किया और प्राप्त किया, जो हमारे ऑडिट के उद्देश्यों के लिए हमारी जानकारी और विश्वास में सर्वोत्तम थे।

(ख) हमारे विचार में,कानून द्वारा अपेक्षित उचित खाता-बहियों को अब तक कंपनी द्वारा रखे गए हैं जैसा कि उन बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है।

(ग) खाता-बहियों के साथ अनुबंधों में तुलन-पत्र, लाभ और हानि का विवरण, नकदी प्रवाह विवरण और इक्विटी में परिवर्तन का विवरण को इस रिपोर्ट में प्रस्तुत किया गया है।

(घ) हमारे विचार में, उपरोक्त वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ-साथ अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

(ड.) 31 मार्च, 2019 के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा अभिग्रहीत अभिलेख पर निदेशकों से प्राप्त किए गए लिखित प्रस्तुतीकरण के आधार पर, अधिनियम की धारा 164 (2) के संदर्भ में 31 मार्च, 2019 के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने से कोई भी निदेशक अयोग्य नहीं हैं।

(च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और इस तरह के नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में एक अलग रिपोर्ट संलग्न है। (अनुलग्नक - डी)

(छ) हमारे विचार और हमारे सर्वोत्तम जानकारी में और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी (ऑडिट और ऑडिटर) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार, अन्य मामलों के संबंध में ऑडिटर की रिपोर्ट में निम्न को शामिल किया जाए:

i. कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव को प्रदर्शित किया है।

ii. कंपनी ने व्युत्पन्न अनुबंध सहित कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं की है जिससे किसी भी तरह की दूरगामी भौतिक हानि हो ।

iii. कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में राशि स्थानांतरित किया जाना आवश्यक नहीं है। इसलिए उसमें देरी का सवाल ही नहीं उठता।

दी गई तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुसार
मैसर्स एसएबीडी एंड एसोसियेटस के लिए और की ओर से
सनदी लेखाकार

दिनांक: **ह/-**
स्थान: संबलपुर **(सीए बी. के. गोयल)**
साझेदार
(सदस्यता सं. 505314)
फ़र्म पंजीयन सं.-020830N

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के लिए अनुलग्नक

(उस तारीख की हमारी रिपोर्ट के 'अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' के अंतर्गत अनुच्छेद 1 को देखें)

i) अचल संपति के संदर्भ में: कंपनी ने उपलब्ध जानकारी के आधार पर मात्रात्मक विवरण और अचल संपत्तियों की स्थिति सहित पूर्ण विवरण दिखाते हुये उचित रिकॉर्ड बनाए रखा है।

जैसा कि हमें बताया गया है,कंपनी की अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन प्रबंधन द्वारा चरणबद्ध तरीके से किया गया है जो हमारी विचार में कंपनी के आकार और उसकी संपत्ति की प्रकृति के अनुसार में उचित है ।

अचल संपत्तियों के हक़ विलेख कंपनी के नाम पर रखे जाते हैं।

ii) वस्तु-सूची के संदर्भ में:

वर्ष के दौरान कंपनी के पास भंडार, पुर्जों और कच्चे माल का कोई भंडार नहीं है। इसलिए इस वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा इसका भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है।

iii) कंपनी अधिनियम - 2013 की धारा 189 के तहत शामिल पार्टियों को ऋण और अग्रिम:

कंपनी अधिनियम - 2013 की धारा 189 के तहत पार्टियों को कोई ऋण और अग्रिम नहीं दिया गया है, इसलिए:

(ए) लागू नहीं
(b) लागू नहीं है
(c) लागू नहीं है

IV) ऋण, निवेश, गारंटी और सुरक्षा:

कंपनी ने कोई ऋण या निवेश / गारंटी / गारंटी/प्रतिभूति नहीं प्रदान की है । अतः इस संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के प्रावधानों का अनुपालन किया गया है या नहीं, इसका सवाल ही नहीं उठता।

v) जनता से जमा स्वीकार करना:

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं किया है, इसलिए यह खंड कंपनी पर लागू नहीं होता है।

vi) कंपनी अधिनियम - 2013 की धारा 148 के तहत लागत रिकॉर्ड का रख-रखाव : लागू नहीं।

vii) वैधानिक बकाया के संबंध में:

क) चूंकि कंपनी के पास एमसीएल से प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों को छोड़कर कोई प्रत्यक्ष कर्मचारी नियुक्त नहीं है, वर्ष के दौरान भविष्य निधि बकाया की कटौती और जमा लागू नहीं होता है। इसके अलावा कंपनी ने वर्ष के दौरान उत्पादन और बिक्री शुरू नहीं की है, सरकार को कोई वैधानिक बकाया देय नहीं है।

ख) कंपनी अपने सभी राजस्व आय और व्यय को विकास के तहत अमूर्त संपत्ति के तहत पूंजीकरण कर रही है,चूंकि इसने अपने व्यावसायिक उत्पादन शुरु नहीं की है।इसलिए बैंकों के साथ एफडीआर पर अर्जित ब्याज भी पूंजीकृत है।हालांकि आयकर विभाग इसे राजस्व आय के रूप में मान रही है और इस प्रकार यह मामला आयकर विभाग के अपीलीय प्राधिकार के समक्ष लंबित है।

viii) बैंक व वित्तीय संस्थानों से लिए गए ऋणों की अदायगी में चूक:

कंपनी ने किसी भी वित्तीय संस्थानों या बैंकों से किसी भी प्रकार का ऋण नहीं लिया है**,** इसलिए यह खंड लागू नहीं है

ix) आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव या आगे की सार्वजनिक पेशकश (ऋण साधनों सहित) एवं सावधि ऋण के माध्यम से प्रस्तुत किए गए धनराशि को उन ही उद्देश्यों के लिए लागू किया गया था, जो प्रस्तुत किए गए थे।

कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश या आगे की सार्वजनिक पेशकश (ऋण साधनों सहित) एवं सावधि ऋण का कोई भी पैसा नहीं बढ़ाया है**,** इसलिए यह खंड लागू नहीं है।

x) वर्ष के दौरान धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग (प्रकृति और राशि):

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार**,** वर्ष के दौरान कंपनी पर या कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी सूचित व रिपोर्ट नहीं की गई है।

xi) प्रबंधकीय पारिश्रमिक:

कंपनी ने वर्ष के दौरान किसी भी प्रबंधकीय पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया है।

xii) कंपनी से संबंधित निधि प्रावधान:

लागू नहीं।

xiii) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188 के अनुपालन में संबंधित पार्टी लेन-देन:

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान संबंधित पार्टी के साथ कोई लेनदेन नहीं है।

xiv) शेयरों का अधिमान्य आवंटन या निजी स्थानन या वर्ष के दौरान पूर्ण या आंशिक रूप से परिवर्तनीय ऋणपत्र :

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान कंपनी ने शेयरों का कोई भी अधिमान्य आवंटन या निजी स्थानन या पूर्ण या आंशिक रूप से परिवर्तनीय ऋणपत्र नहीं बनाया है।

xv) निदेशकों या उनके साथ जुड़े व्यक्तियों के साथ गैर-नकद लेनदेन:

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान कंपनी ने निदेशकों या उनसे संबन्धित व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार के गैर-नकद लेन-देन में प्रवेश नहीं किया है।

xvi) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 **की धारा** 45-**आईए के तहत पंजीकरण:**

लागू नहीं।

दिनांक : 25.04.2019
स्थान:सम्बलपुर

एसएबीडी एवं एसोसियेट्स के लिए
(सनदी लेखाकार)
पंजीकरण संख्या:020830 एन

हा-
सीए बी. के गोयल
साझेदार
सदस्यता संख्या: 505314

अनुलग्नक –ख

कंपनी अ.धनियम, 2013 की धारा 143 (5) के अंतर्गत दिशा निर्देशों के अनुसार रिपोर्ट।

कंपनी : ***एमएनएच शक्ति लिमिटेड***
आनंद विहार, बुर्ला, सम्बलपुर

वित्तीय वर्ष : **2018 – 19**

क्र. सं	**जारी निर्देश**	**वैधानिक लेखा परीक्षक का उत्तर**
1.	क्या कंपनी के पास आई.टी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए कोई व्यवस्था है? यदि हाँ, तो वित्तीय अनुमानों के साथ-साथ खातों की अखंडता पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण के निहितार्थ, यदि कोई हो, वर्णित किया जाए।	कंपनी के पास सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए किसी भी प्रकार की आई.टी प्रणाली नहीं है।
2.	क्या कंपनी के ऋण की अदायगी में असमर्थता के कारण किसी ऋणदाता द्वारा कंपनी के लिए मौजूदा ऋण या छूट पत्र के मामले में / कर्ज की अदायगी/ ऋण/ ब्याज आदि का पुनर्गठन किया गया है? यदि हाँ, तो वित्तीय प्रभाव को वर्णित किया जाए।	हमें दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष के लेखा परीक्षा के दौरान कंपनी के ऋण की अदायगी में असमर्थता के कारण किसी ऋणदाता द्वारा कंपनी के लिए मौजूदा ऋण या ऋण चुकाने / ऋण / ब्याज आदि का पुनर्गठन जैसा कोई मामला नहीं था।
3.	क्या केंद्रीय / राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त धनराशि / प्राप्य प्राप्ति की गई थी या उसके नियमों और शर्तों के अनुसार उसका उचित उपयोग किया गया था? अंतर के मामलों की सूची बनाएं।	हमें दी गई जानकारी के अनुसार, कंपनी को केंद्रीय / राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए कोई धन प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए उपयोगीकरण का सवाल ही नहीं उठता।

दिनांक : ***25.04.2019***
स्थान :सम्बलपुर

एसएबीडी एवं सहयोगी के अनुसार
(सनदी लेखाकार)
पंजीकरण संख्या : 020830एन
ह/-
सीए बी. के. गोयल
सहभागी
सदस्यता संख्या : 505314

अनुलग्नक–ग

वर्ष 2018-2019 के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के लेखा परीक्षा हेतु नियुक्त वैधानिक लेखा परीक्षकों का कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत अतिरिक्त दिशा-निर्देशों की रिपोर्ट।

कंपनी : ***एमएनएच शक्ति लिमिटेड***
आनंद विहार, बुर्ला, सम्बलपुर

वित्तीय वर्ष : **2018 – 19**

क्र.सं	**जारी निर्देश**	**वैधानिक लेखा परीक्षक का उत्तर**
1.	क्या कंपनी ने किसी क्षेत्र के विलय/ विभाजन/ पुनःसंरचना के समय परिसंपत्तियों और संपत्तियों का भौतिक सत्यापन अभ्यास किया है। यदि हां, तो क्या संबंधित सहायक ने अपेक्षित प्रक्रिया का पालन किया है?	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान किसी क्षेत्र का विलय / विभाजन / पुनःसंरचना नहीं हुआ है।

दिनांक: ***25.04.2019***
स्थान :सम्बलपुर

एसएबीडी एवं सहयोगी के अनुसार
(सनदी लेखाकार)
पंजीकरण संख्या : 020830एन
हा/-
सीए बी. के. गोयल
सहभागी
सदस्यता संख्या : 505314

अनुलग्नक - घ

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप-धारा 3 के खंड (i) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

हमने दिनांक 31मार्च 2019 तक एनएमएच शक्ति लिमिटेड (कंपनी) की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का ऑडिट किया जो उक्त समाप्त तारीख में कंपनी के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को हमारे ऑडिट के साथ संयोजन से किया गया था।

आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु प्रबंधन का उत्तरदायित्व

कंपनी प्रबंधन का यह उत्तरदायित्व है कि वे इंस्च्युट ऑफ चार्टेट एकाउंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्त संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के ऑडिट पर दिए गए वित्तीय नोट के अनुरुप कंपनी के लिये जरुरी नीति निर्धारण तथ्यों को ध्यान में रखते हुये इन किये गये ऑडिट का रख-रखाव सुनिश्चित करें। इन उत्तरदायित्वों में इसका प्रारुप, कार्यान्वयन और रख-रखाव मुख्य है जो आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के प्रभावशाली निष्पादन को सटीक रुप से नियमो को ध्यान में रखते हुये सुनिश्चित करना होता है जिससे कंपनी के किसी प्रकार के कदाचार, पर अंकुश लगाते हुये समय पर कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानो के समुचित निष्पादन को सुनिश्चित किया जाना संभव हो सके।

लेखा पर.. कों की जिम्मेदारी

हमारा उत्तरदायित्व है कि कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण नोट के आधार पर लेखा परीक्षा करते हुये अपना विचार प्रस्तुत करें। हमारा लेखा परीक्षा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का वित्तीय रिपोर्ट (मार्गदर्शित नोट) के मार्गदर्शन के अनुसार किया जाता है जो कि आईसीएआई द्वारा जारी कंपनी अधिनियम 2013 के के खंड 143(10) के अंतर्गत सुझाये गये मापदंडों के अनुरुप होता है जिसे प्रभावी रुप से स्थापित ओर अनुपालित किया जाता है। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट से हम नैतिक आवश्यकताओं और योजना का अनुपालन करते हैं और इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए ऑडिट करते हैं कि क्या वित्तीय पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखें गए है और यदि इस तरह के नियंत्रण सभी सामग्री मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं।

हमारी लेखा परीक्षा में मानक प्रक्रिया के अनुरुप तथ्योत्मक साक्ष्य को दर्शाते हुये वित्तीय रिपोर्ट से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रक्रिया को प्रभावी रुप से निष्पादन करना होता है। इस वित्तीय आंतरिक नियंत्रण के रिपोर्टों में मान्य आंतरिक वित्त नियंत्रण को प्राप्त करते हुये इसके रिस्क को ईंगित करना तथा सामग्रियों के आकार, जांच, मूल्यांकन तथा इसके प्रभाव को दृष्टिगत कराना भी है। इस प्रक्रिया में लेखा परीक्षा का निर्णय का चयन किया जाता है जिससे होनेवाले किसी तरह के कदाचार या त्रृटि और वितीय अनिमियतता पर अंकुश लगाया जा सके।

इस तरह लेखा परीक्षा साक्ष्य से कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का पर्याप्त और उपयुक्त लाभ मिलता है।

वित्तीय प्रतिवेदन में आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण का तात्पर्य

वित्तीय प्रतिवेदन, कंपनी कि आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण की एक ऐसी प्रक्रिया है जो वित्तीय प्रतिवेदन के आधार पर तथ्यात्मक रुप से वित्तीय विवरणों को मानक रुप से बाह्य उद्देश्यों की सुमपुष्टि कर स्वीकार्य सिद्धांत को प्रस्फुटित करती है। इन वित्तीय प्रतिवेदनों पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में उन सिद्दांतों और प्रक्रियाओं का समावेश है जिसमें (1) कंपनी के संपदाओ का विस्तारण, निष्पादन का सटीक, स्पष्ट और तर्कसंगत रिकार्डों को रख-रखाव करना होता है (2). सटीक विस्तारण का रिकार्ड को इस तरह रखना और उपलब्ध कराना है जिससे कि सामान्य स्वीकार्य लेखाकृत सिद्धांतो के अनुरुप वित्तीय विवरण को तैयार किया जा सके तथा कंपनी के प्राधिकृत निदेशको तथा प्रबंधन की पावतियों और खर्चों को एक साथ दर्शाया जा सकें तथा (3). अनाधिकृत अधिग्रहण, व्यवहार, या कंपनी का निष्पादित संपदा को समय पर रख-रखाव कर सके ताकि वित्तीय विवरण को तैयार करने में यह प्रभावकारी भूमिका निभा सकें।

वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं

वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें नियंत्रण पर संभावित मिश्रण या अव्यवहारित प्रबंधन, सामग्रियों के गलत या कदाचार से उत्पन्न गलतियों को जिसे पहचान पाने में असुविधा होती है, उसे निष्पादित कर पाना संभव हो पाता है साथ ही वित्तीय प्रतिवेदन वित्तीय नियंत्रण का किसी प्रकार का भी त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन को चिन्हित कर उसका यथोचित बदलाव संभव हो जाता है तथा इस बदलाव के कारण गिरावट पर अंकुश यथाशीघ्र अंकुश लगया जा सकता है।

मतः

कंपनी के पास सभी संबंधित सामग्रियां,पर्याप्त वित्तीय प्रबंधन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और इसी वित्तीय प्रबंधन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को 31 मार्च, 2019 तक प्रभावकारी रूप से तैयार किया गया भी था जो इंस्च्युट ऑफ चार्टड एकाउंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी किया गया है वित्तीय प्रबंधन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का लेखा परीक्षा दर्शाये गए नोट पर दिये गये अत्यावश्यक अभियोजको तथा कंपनी का स्थापित मानक के अनुरूप होते है।

दिनांक : 25.04.2019
स्थान :सम्बलपुर

एसएबीडी एवं सहयोगी की ओर से
(सनदी लेखाकार)
पंजीकरण संख्या : 020830एन
ह/-
सीए बी. के. गोयल
सहभागी
सदस्यता संख्या : 505314

अनुलग्नक- II

31 माच, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए एमएनएच शक्ति लिमिटेड के लेखा पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ख) के तहत भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखाकार की टिप्पणियॉ

कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत दिए गए वित्तीय प्रतिवेदन की रूपरेखा के अनुसार 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए एमएनएच शक्ति लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है । अधिनियम की धारा 139 (5) के तहत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक स्वतंत्र लेखा परीक्षा पर आधारित अधिनियम की धारा 143, धारा 143(10) के तहत निर्धारित मानक लेखा परीक्षा के अनुसार वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार है। उनके द्वारा लेखा परीक्षा, दिनांक 25 अप्रैल, 2019 में ऐसा करने का उल्लेख किया गया है।

मैने भारत के लेखा नियंत्रक और महालेखाकार के प्रतिनिधि के रूप में कंपनी अधिनियम की धारा 143(6)(क) के अंतर्गत एमएनएच शक्ति लिमिटेड के दिनांक 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के समेकित वित्तीय विवरण का पूरक लेखा परीक्षण ना करने का निर्णय किया है।

कृते एवं भारत के लेखा नियंत्रक एवं
महालेखाकार की ओर से
हस्ता/-
(मौसूमी राय भट्टाचार्य)
महानिदेशक
वाणिज्यिक लेखा परीक्षा एवं पदेन सदस्य
लेखा परीक्षा बोर्ड-II कोलकाता

स्थान: कोलकाता
दिनांक: 09.05.2019

अनुलग्नक- III

फार्म संख्या एम.आर.- 3
सचिवीय लेखा परीक्षा प्रतिवेदन
वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए

{कंपनी अधिनियम 2013 के नियम क्र.9 व कंपनी नियमवली,(नियुक्ति एवं पारिश्रमिक निजी) 2014 के खंड 204(1) के अनुसरण में}

प्रति
सदस्य गण
एम.एन.एच. शक्ति लिमिटेड
आनंद विहार
पोस्ट ऑफिस,जागृति विहार,बुर्ला
संबलपुर, ओड़िशा-768020
भारत,

हमने मेसर्स एम.एन.एच. शक्ति लिमिटेड (तत्पश्चात इसे कंपनी कहा गया है) द्वारा निगम प्रथाओं के अवलंबन में लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन का सचिवीय लेखा परीक्षण दिनांक- 31 मार्च, 2019 के समाप्त वित्त वर्ष में किया। सचिवीय लेखा परीक्षा इस प्रकार किया गया कि उससे निगम आचरणों/वैधानिक अनुपालनों तथा उनपर हमारी राय जाहिर करने का एक यथोचित आधार प्राप्त हुआ।

सचिवीय लेखा परीक्षण के दौरान कंपनी, उसके अधिकारियों, एजेंटों और अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारियों के अनुसार कंपनी की बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त बही, प्रपत्रों और दायर विवरणियों और अन्य रिकॉर्ड की जॉच के आधार पर, हमने अपनी राय के अनुसार प्रतिवेदित किया हैं कि कंपनी ने वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षित अवधि में निम्न सूचीस्थ वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया तथा कंपनी के पास निम्नानुसार यथोचित बोर्ड-प्रक्रियाएं व अनुपालन-तंत्र मौजूद हैं ।

1. मैंने कंपनी द्वारा 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष में रखी हुई बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त बहियों, प्रपत्रों व दायर विवरणियों तथा अन्य अभिलेखों की जॉच निम्न प्रावधानों के अनुसार किया -

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 तथा उसके के तहत् बनाये गए नियम।

(ii) कंपनी के अधिनियम ,1956 तथा उसके तहत् बनाये गए नियमावली के अंतर्गत विशिष्ट वर्गों को अभी तक अधिसूचित नहीं किया गया है।

(iii) प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और उसके अधीन बनाये गए नियम, आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

iv) डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और अधिनियम के अधीन बने नियम और उपनियम, आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

v) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और तदाधीन बने नियम और विनियम, जिसमें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, प्रत्यक्ष निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और बाह्य वाणिज्यिक उधार शामिल हैं, आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

vi) अधिनियम, 1992 (''सेबी अधिनियम'') के तहत निर्धारित अधिनियम व दिशा निर्देश, आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

vii) भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (शेयर और अधिग्रहणों का पर्याप्त अधिग्रहण), अधिनियम, 2011, आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

viii) भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध), अधिनियम, 1992, आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

ix) भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताएं जारी करना) नियमन, 2009, आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

x) भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (कर्मचारी शेयर विकल्प योजना व कर्मचारी शेयर क्रय योजना) दिशानिर्देश, 1999, आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

xi) भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का सूचीकरण व जारीकरण) नियमन, 2008 आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

xii) कंपनी अधिनियम व पक्षकारों के साथ निपटान संबंधी भारतीय प्रतिभूति एवं विनियमन बोर्ड (शेयर जारीकरण व अंतरण अभिकर्ता के पंजीयक) नियमन, 1993 आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

xiii) भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (इक्विटी शेयरों का असूचीयन) नियमन 2009 आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

xiv) भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (प्रतिभूति वापसी क्रय) नियमन 1998, आलोच्य अवधि के रिपोर्ट पर लागू नहीं है।

2, कंपनी पर लागू अन्य अधिनियमों, कानूनों व विनियमों के अनुपालन के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रणाली और व्यवस्था के लिए कंपनी तथा उसके अधिकारियों द्वारा अभ्यावेदनों पर हमने विश्वास किया। कंपनी पर लागू अधिनियमों, कानूनों व विनियमों के प्रमुख शीर्ष/समूहों में दर्ज है।

क) कारखाना अधिनियम, 1948

ख) औद्योगिक विवाद अधिनियम,1947

ग) ट्रेड यूनियन, प्रशिक्षुओं, औद्योगिक रोजगार, मोटर परिवहन कर्मचारियों से संबंधित औद्योगिक नियम

घ) खनन गतिविधियों से संबंधित निर्धारित कार्य

- खरीददार का पता लगाने तथा योजना को पूरा करने हेतु एक कारगर कार्यक्रम की पहल की गई हो।
- वर्तमान के उचित मूल्य की तुलना में समुचित मूल्य हेतु बिक्री हेतु परिसंपत्ति (अथवा निपटान समूह) के लिए सक्रिय रुप से बाजार ढूंढ जा रहा हो।
- यह विक्रय वर्गीकरण की तिथि से 1 वर्ष के अंदर अनुमानत: पूरी हो तथा
- इस योजना से संबंधित सभी यथोचित योजना जिसमें कतिपय कुछ संशोधन व सुधार आवश्यक हो तो उसकी भी समीक्षा कर तैयार करना अपेक्षित होगा ताकि जरूरत पड़ने पर इस योजना को निरस्त भी किया जा सके।

2.8 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई):

भूमि पारम्परिक लागत पर ली जाती है। पारम्परिक लागत में वह व्यय भी शामिल है जो संबंधित विस्थापित व्यक्तियों के लिए रोजगार के बदले पुनर्वास खर्च,पुनर्वास लागत और क्षतिपूर्ति आदि जैसे भूमि के अधिग्रहण के लिए सीधे तौर पर उत्तरदायी है।

मान्यता के बाद,अन्य सभी संपत्ति,संयंत्र एवं उपकरण के एक मद को लागत मॉडल के तहत किसी संचित अवमूल्यन एवं किसी सचित क्षतिकर नुकसानों को घटाकर इसकी लागत पर वहन किया जाता है। संपत्ति,संयंत्र और उपकरण के किसी मद की लागत में ये शामिल हैं:
क) इसके खरीद मूल्य में व्यावसायिक छूट व कटौती को घटाने के बाद आयात शुल्क एवं गै-वापसी योग्य खरीद-कर शामिल है।
ख) प्रबंधन द्वारा निर्दिष्ट तरीके से परिचालन हेतु सक्षम बनाने के लिए आवश्यक स्थान तथा स्थिति तक परिसंपत्ति को लाने में प्रत्यक्ष कारक कोई लागत है।
ग) सामग्री के परिवर्धन तथा हटाये जाने हेतु प्रारंभिक अनुमानित खर्च तथा समेकित स्थल तक इसे पहुँचाने के लिए व इसके व्यवहार के लिए जिसे कंपनी ने उस स्थिति में खर्च किया है जब इस सामग्री को उसने अपने आधिपत्य में रखा हो या एक निर्धारित अवधि के अन्तर्गत उसका व्यवहार किया गया हो, जिसके लिए उसने अपना निवेश किया था।

संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण में खर्च किए गए प्रत्येक अंश को कुल लागत के अनुसार विखंडित कर साफ-साफ दर्शाया जाना अपेक्षित है। फिर भी किसी समुपयोगी अंश में उसी पीपीई के साथ जीवनोपयुक्त हो जाता है तथा विखंडनीकरण प्रणाली एक समूह में आ जाते हैं जो शुल्क सहित होता है।

मरम्मत और रख-रखाव के लिए उल्लेखित दिन-प्रतिदिन की अनुरक्षण की कीमतें,जो उस अवधि में लाभ व हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त हैं,जिसमें उस पर खर्च किया जाता हो।

संपत्ति,संयंत्र और उपकरण की एक मद की कुल लागत से संबंधित महत्वपूर्ण भागों को बदलने के बाद की कीमत मद के वर्तमान राशि में स्वीकार किए जाते हैं,अगर संभव है कि मद से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ कंपनी को मिलेगा और मद की लागत विश्वसनियता से मापा जा सकता है,तो जिन भागों को विस्थापित किया गया है,उनमें वर्तमान राशि को नीचे अस्वीकरण नीति के अनुसार अस्वीकृत किया जाता है।

जब बड़े निरीक्षण किए जाते हैं,तो इसकी कीमत संपत्ति,संयंत्र और उपकरण के सामान के प्रतिस्थापन राशि के रुप में पहचानी जाती है,यदि यह संभावित है कि मद से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ कंपनी को मिलेगा और मद की लागत विश्वसनीयता उसे मापा जा सकता है। पिछले निरीक्षण (भौतिक भागों से अलग) की लागत का कोई शेष वर्तमान राशि को अस्वीकार कर दिया जाता है।

संपत्ति संयंत्र या उपकरण का कोई भी अंश इसके साथ सम्मिलित किये जाने पर उसे असंबंद्ध कर दिया जाएगा या भविष्य में कोई भी लाभ उसे प्राप्त नहीं होगा, जो कि इन सम्पत्तियों के निरंतर व्यवहार से अपेक्षित रहा हो। किसी तरह का लाभ या नुकसान संपत्ति संयंत्रों या उपकरणों के इन विकेन्द्रीकरण के सापेक्ष में इनका लाभ या नुकसान समझा जाएगा।

पूर्ण-स्वामित्व की भूमि के अलावा सम्पत्ति, संयंत्र और उपकरण का विवरण तथा संपत्ति के अनुमानित जीवन के अनुसार संरेखीय आधार पर लागत मॉडल के अनुसार प्रदान की जाती है।

अन्य भूमि

(पट्टेकृत भूमि सहित) -परियोजना की अवधि या पट्टा अवधि में से जो भी कम हो

भवन	-	3-60 वर्ष
सड़क	-	3-10 वर्ष
दूरसंचार	-	3-9 वर्ष
रेलवे साईडिंग	-	15 वर्ष
संयंत्र एवं उपकरण	-	5-15 वर्ष
कम्प्यूटर एवं लैपटॉप	-	3 वर्ष
कार्यालय के उपकरण	-	3-6 वर्ष
फर्नीचर या फिकचर	-	10 वर्ष
वाहन	-	8-10 वर्ष

सम्पदा,संयंत्र या उपकरण का अवशिष्ट मूल्य परिसंपत्तियों की मूल लागत का 5% माना जाता है, जैसे कि कोयला टब, घुमावदार रस्सियाँ, ढुलाई की रस्सियाँ, स्टोविंग पाइप और सुरक्षा लैम्प आदि जैसे परिसंपत्तियों की कुछ वस्तुओं को छोड़कर, जिसके लिए तकनीकी रुप से अनुमानित उपयोगी जीवन शून्य अवशिष्ट मूल्य के साथ एक वर्ष होना निर्धारित किया गया है।

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में संपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन की समीक्षा की जाती है।

वर्ष के दौरान जोड़े गए/निकाले गए सम्पत्तियों पर मूल्यह्रास के अतिरिक्त/निपटान के महीने के संदर्भ में प्रो-राटा के आधार पर प्रदान किया जाता है।

कोयला धारण क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) (सीबीए) अधिनियम 1957 के तहत "अन्य भूमि" का मूल्य अधिग्रहित भूमि के रूप में शामिल है, भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 के तहत भूमि अधिग्रहण के अंतर्गत मुआवजा, पारदर्शिता के अधिकार, पुनर्वास और पुनर्स्थापना (आरएफसीटीएलएएआर) अधिनियम 2013 के तहत सरकारी भूमि के दीर्घकालीन हस्तांतरण आदि शामिल है, जो कि परियोजना के शेष जीवन के आधार पर परिशोधित होता है और पट्टेकृत भूमि के मामले में इस तरह के परिशोधन पट्टे की अवधि पर आधारित होते हैं या इनमें से जो भी कम हो के तहत परियोजना के शेष राशि पर आधारित होते हैं।

पूरी तरह से विखंडित,उपयोग के लिए अनुपयुक्त संपत्तियों को दर्शाया जाता है जो इस संपत्ति के संयंत्र या उपकरण के अंतर्गत इसके समायित मूल्य को केवल दर्शाते ही नहीं है अपितु जांच कर इसकी संपुष्टि भी करते हैं।

कंपनी द्वारा कतिपय संपत्ति की संरचना/विकास पर जो मूलधन व्यय किया जाता है उसका उत्पादन, वस्तु की आपूर्ति या कंपनी के अद्यतन आवश्यक होता है। संपत्ति संयंत्र या उपकरण के अंतर्गत या इंवेलिंग एसेट के रूप में उसका प्रतिनिधित्व किया जाता है।

भारतीय लेखांकन मानक में परिवर्तन - कंपनी अपने समस्त परिसंपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के लागत मॉडल के अनुसार वहन व्यय सहित इसे अनवरत रखने के लिए चुनी गई है, जैसा कि भारतीय लेखांकन मानक के परिवर्ती तिथि, पूर्व के जीएएपी के अनुसार वित्तीय विवरण में स्वीकार किया गया है।

2.9. खदान बंदी, कार्यस्थल का जीर्णोद्धार एवं डिकमीस्निंग बाध्यताएँ -

भूमि सुधार एवं संरचनाओं के निषेध के लिए कंपनी के कार्य में भू-तल एवं भूमिगत दोनों प्रकार के खदानों पर भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार होने वाले खर्च सम्मिलित है। कंपनी खदान बंदी क्षेत्र की मरम्मत एवं निषेध कार्य का आंकलन इस कार्य पर भविष्य में होने वाली नगद खर्च एवं लगाने वाली खर्च की विस्तृत लेखा जोखा तथा तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर करती है। खदान बंदी व्यय अनुमोदित खदान बंदी योजना के अनुसार उपलब्ध करायी जाती है। खर्च के आंकलन मुद्रा स्फीति के अनुसार बढ़ते हैं एवं इसकी दर कम होने पर घटते है, जो मुद्रा और जोखिमों के समय मूल्य के वर्तमान बाजार के मूल्यांकन को सूचित करती है। यथा प्रावधान में वर्णित कार्य को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक अनुमानित खर्च के वर्तमान मूल्य को सूचित किया जाता है। कंपनी सुधार एवं खदान बंदी के समापन के देय धन से संलग्न संपत्ति का लेखा जोखा रखती है। कार्य तथा संपत्ति देयधन को खर्च होने की समयावधि में मान्यता प्राप्त होती है। क्षेत्र के मरम्मत के समस्त मूल्य को सूचित करने वाली संपत्ति (केंद्रीय खनन योजना एवं रचना संस्थान समिति के आंकलन के अनुसार) खदान बंदी योजना के अनुसार

पीपीई में एक भिन्न वस्तुओं के रूप में जानी जाएगी तथा शेष परियोजना/ खदान के जीवनकाल के आधार पर परिशोधित होगी।

रियायत का प्रभाव खत्म होते ही समय के साथ प्रावधान के मूल्य में उतरोत्तर बढ़ोतरी होगी। एक खर्च के रूप में इसे वित्तीय खर्च माना जाता है।

अग्रिम अनुमोदित खदान बंदी योजना के अनुसार इस उद्देश्य से एक विशेष निलंब निधि खाता रखे जाने का प्रावधान है।

कुल खान बंद करने के दायित्वों को कार्य का हिस्सा बनाने हेतु साल दर साल प्रगतिशील खनन बंद के खर्चों को शुरू में निलंब खाते से प्राप्त किया जाता है और उसके बाद उस वर्ष में उनका दायित्व के साथ समायोजन किया जाता है जिसमें राशि प्रमाणित एजेंसी की सहमति के बाद इसे वापस लेने का अधिकार रखती है।

2.10 अन्वेषित एवं मूल्यांकित परिसंपत्तियाँ -

अन्वेषित तथा मूल्यांकित परिसंपत्तियों में पूंजीगत लागत शामिल होती है जो कि कोयला और संबन्धित संसाधनो की खोज के कारण उत्पन्न होती है। तकनीकी व्यवहार्यता के निर्धारण और पहचान वाले संसाधन की व्यावसायिक व्यवहार्यता के मूल्यांकन निम्न बातों को ध्यान में रख कर किया जाता है:

- ऐतिहासिक अन्वेषण डेटा का शोध एवं विश्लेषण ;
- स्थलाकृतिक, भौगोलिक, रासायनिक और भूभौतिक अध्ययन के माध्यम से अन्वेषित आधार सामग्री को उपलब्ध करना;
- अन्वेषित ड्रिलिंग, ट्रेंचिंग तथा नमूने ;
- संसाधनों की मात्रा तथा उनके संवर्ग का निर्धारण करना एवं जाँचना ;
- परिवहन तथा आधारिक संरचनाओं की आवश्यकताओं का सर्वेक्षण ;
- बाजार का आयोजन तथा वित्त अध्ययन ;

इसके बाद के संस्करण में कर्मचारी पारिश्रमिक, उपयोग किए गए सामग्री एवं ईंधन की लागत, ठेकेदारों को किए गए भुगतान भी शामिल है।

चूंकि अंतर्निहित घटक, भविष्य के अन्वेषण में किए गए अपेक्षित कुल लागतों के निरर्थक/ अविवेच्य भाग को दर्शाता है एवं इन लागतों को अन्य पूंजीगत अन्वेषण लागतों एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियों के रूप में दर्ज किया जाता है।

परियोजना की तकनीकी व्यवहार्यता एवं व्यावसायिक व्यवहार्यता का निर्धारण को लंबित रखते हु ए परियोजना द्वारा परियोजना के आधार पर अन्वेषण एवं मूल्यांकन लागतों को पूंजीकृत किया जाता है तथा उसे गैर-चालू परिसंपत्तियों के तहत एक अलग मत के रूप में प्रकट किया जाता है, जिसे बाद में उन्हें संचित प्रावधान के कम लागत पर मापा जाता है।

एक बार प्रमाणित होने के बाद भंडार का निर्धारण एवं खानों/परियोजनाओं के विकास हेतु मंजूरी अन्वेषण एवं परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन पूंजीगत कार्य के तहत "विकास" में स्थानांतरित की गई है। हालांकि, यदि यह साबित होता है कि भंडार का निर्धारण नहीं किया गया है तो अन्वेषण तथा मूल्यांकन की गई परिसंपत्तियों को अस्वीकृत किया जाएगा।

2.11 विकास व्यय -

जब प्रमाणित किये गए भंडार का निर्धारण किया जाता है एवं खान/परियोजनाओं के विकास हेतु स्वीकृत निर्माण के तहत परिसम्पत्ति के रूप में पूंजीगत अन्वेषण एवं मूल्यांकन लागत पहचाने जाते हैं तथा "विकास" शीर्ष के तहत पूंजीगत कार्य की प्रगति के घटक के रूप में प्रकट किया जाता है तब सभी विकास हेतु व्यय पूंजीकृत किये जाते हैं। पूंजीकृत विकास व्यय,विकास चरण के दौरान निकाले गए कोयले की बिक्री से प्राप्त शुद्ध आय है।

<u>वाणिज्यिक संचालन :</u>

परियोजना रिपोर्ट में स्पष्ट रुप से उल्लेखित शर्तों के आधार पर अथवा निम्नलिखित कसौटियों के आधार पर परियोजना वाणिज्यिक तौर पर सततता के आधार पर जब उत्पादन देने के लिए तैयार हो जाती तो परियोजना/खानों को राजस्व के लिए लाया जाता है:

क) अनुमोदित परियोजना प्रतिवेदन के अनुसार निर्धारित क्षमता का 25% वास्तविक उत्पादन जिस वर्ष परियोजना से होता है,उस वर्ष के तुरंत बाद वाले वित्तीय वर्ष की शुरुआत से,अथवा
ख) कोयला तक पहुंचनेके दो वर्ष बाद, अथवा
ग) उस वर्ष के बाद वाली वित्तीय वर्ष की शुरुआत से जिस में उत्पादन का मूल्य कुल खर्चों से अधिक होता है।

उपर्युक्त में जो भी पहले घटित हो।

राजस्व में लाये जाने पर "अन्य खनन आधारित संरचना" के नामकरण के तहत परिसंपत्तियो के अंतर्गत पूंजीगत कार्य को सम्पत्ति घटक, संयंत्र एवं उपकरण के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया गया है। 20 वर्षों में राजस्व के तहत लाये गए खदान या चालित परियोजना जो भी कम हो, के वर्ष से अन्य खनन आधारित संरचना परिशोधित की जाती है।

2.12 अमूर्त परिसंपत्तियाँ -

अलग से अधिग्रहित की गई अमूर्त परिसंपत्तियों को प्रारम्भिक लागत पर मापा जाता है। व्यापार सन्योजन/व्यावसायिक संगठन में अधिग्रहित अमूर्त परिसंपत्तियों की लागत अधिग्रहण की तिथि को उनका उचित मूल्य होता है। प्रारम्भिक मान्यता का अनुसरण करते हुए अमूर्त परिसंपत्तियों को किसी संचित परिशोधन (उनके उपयोगी जीवन के दौरान स्ट्रेट लाइन बेसिस पर परिकलित) एवं संचित क्षति,यदि कोई है,से कम लागत पर लिए जाते हैं।

विकास लागत को छोड़कर,आंतरिक रुप से सृजित अमूर्त परिसंपत्तियों को पूंजीकृत नही किया जाता है। बल्कि संबंधित व्यय को लाभ हानि विवरण एवं जिस अवधि में खर्च हु आ है,उस अवधि में अन्य व्यापक आय में स्वीकार किया जाता है। अमूर्त परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन का निर्धारण सीमित या असीमित के रुप में किया जाता है। सीमित जीवन वाली अमूर्त परिसंपत्तियों को उनके उपयोगी आर्थिक जीवन के दौरान परिशोधित कर दिया जाता है तथा जब कभी यह संकेत होता है कि अमूर्त परिसंपत्ति हानिकारक हो सकती है, तो इसके हानिकरण के लिए भी मूल्यांकन किया जाता है। सीमित उपयोगी जीवन सहित किसी अमूर्त परिसंपत्ति के लिए हानिकरण अवधि एवं हानिकरण विधि की समीक्षा कम से कम प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर की जाती है। अपेक्षित उपयोगी जीवन अथवा परिसंपत्ति में सम्मिलित भावी आर्थिक लाभों के उपयोग के अपेक्षित तरीकों में परिवर्तनों के लिए परिशोधन अवधि अथवा विधि में यथोचित संशोधन पर विचार किया जाता है। जिसे लेखाकरण प्राक्कलनों में परिवर्तन के रुप में माना जाता है। सीमित जीवन के साथ अमूर्त परिसंपत्तियों पर परिशोधन व्यय को लाभ व हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

असीमित कार्यशील जीवन के साथ किसी अमूर्त परिसम्पत्ति को परिशोधित नहीं किया जाता बल्कि प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को इसके हानिकरण की जांच की जाती है।

किसी अमूर्त परिसंपत्ति के अस्वीकरण से होने वाले फायदे एवं नुकसान को परिसंपत्ति के निवल निपटान लाभ एवं वर्तमान राशि के बीच के अंतर के रुप में मापा जाता है और जो लाभ व हानि विवरण में मान्य होता है।

अंवेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियों को बेचने हेतु पहचाने गए ब्लॉक या बाहरी एजेंसियों को बेचने का प्रस्ताव प्रदान किया गया है तथा अमूर्त संपत्ति के रुप में उसे वर्गीकृत भी किया गया है एवं हानि के लिए परीक्षण भी किया गया है।

सॉफ्ट्वेयर की लागत को अमूर्त संपत्ति के रुप में मान्यता प्राप्त है,उपयोग करने हेतु कानूनी अधिकार की अवधि में प्रत्यक्ष रुप से या तीन साल से कम, इनमें से जो भी कम हो, को एक शून्य अवशिष्ट मूल्य के साथ परिशोधित किया जाता है ।

2.13 परिसंपत्तियों की हानि

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में परिसंपत्तियों में कमी का आंकलन करती है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद है, तो कंपनी संपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है। परिसंपत्तियों से प्राप्त राशि,परिसंपत्ति या उपयोगिता से उत्पन्न इकाई मूल्य एवं व्यक्तिगत परिसंपत्तियों को निर्धारित करने हेतु निर्धारित मूल्य में वृद्धि की जाती है। जब तक परिसंपत्ति में नगदी प्रवाह नहीं की गई हो तो वह अन्य परिसंपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूह से स्वतंत्र होती है जिसमें नगद उत्पन्न इकाई परिसंपत्तियों से जुड़ी होती है, उसके लिए प्राप्त राशि निर्धारित की जाती है। हानि परीक्षण हेतु कंपनी व्यक्तिगत खदान के रुप में नकदी उत्पन्न इकाई पर विचार करती है।

2.14 निवेश संपत्ति

परिसंपत्ति (भूमि या भवन या भवन का भाग या दोनों) को किराया हेतु आयोजित या पूंजी अभिमूल्यन या दोनों उत्पादन में उपयोग या वस्तु व सेवाओं की आपूर्ति या प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए या व्यापार के सामान्य कार्यप्रणाली में विक्रय में निवेश की गई संपत्ति के रुप में वर्गीकृत किया गया है।

निवेशित संपत्ति का आंकलन प्रारम्भिक रूप से इसके लागत के आधार पर किया जाता है तथा इससे संबन्धित लेनदेन लागत पर भी लागू किया जाता है ।

निवेशित सम्पत्तियों को उनके अनुमानित कार्यशील जीवन पर स्ट्रेट लाइन पद्धति का प्रयोग करते हु एअवमूल्यित किया जाता है।

2.15 वित्तीय दस्तावेज:

वित्तीय दस्तावेज एक ऐसा अनुबंध है जो कि परिसंपत्ति और किसी अन्य वित्तीय इकाई को देयता या इक्विटी उपकरण प्रदान करती है।

2.15.1 वित्तीय परिसंपत्तियाँ -

2.15.1 प्रारंभिक मान्यता और माप

वित्तीय परिसंपत्तियाँ जिन्हें लाभ या हानि के उचित मूल्य पर साथ ही वित्तीय परिसंपत्तियों के विशेष रूप से अधिग्रहण के मामलों में एवं सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को उचित मूल्य पर आरंभिक स्तर पर पहचाना जाता है। खरीददारी या वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री जो बाजार की जगह पर विनियमन या सम्मेलन द्वारा स्थापित समय सीमा के भीतर परिसंपत्तियों की वितरण के लिए आवश्यक होती है, उन्हे व्यापार तिथि पर मान्यता प्राप्त है अर्थात वह तिथि जिसमें कंपनी की संपत्ति को खरीदने या बेचने की प्रतिबद्धता है।

2.15.2 आगामी माप

वित्तीय परिसंपतियों को आगामी माप हेतु चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

- ऋण उपकरणों पर परिशोधित लागत
- अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण साधन (एफ़.वी.टी.ओ.सी.आई)।
- लाभ-हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण, व्युत्पन्न और इक्विटी साधन।(एफ़वीटीपीएल)
- उचित मूल्य पर मापे गए ईक्विटी साधनों के माध्यम से अन्य व्यापक आय। (एफ़.वी.टी.ओ.सी.आई)।

2.15.2.1 परिशोधित लागत पर ऋण साधन

निम्नलिखित दोनों शर्तों के पूरा होने के उपरांत ऋण साधन परिशोधित लागत पर मापे जाते हैं।

क. परिसंपत्तियों को व्यापार मॉडल के अन्तर्गत बनाएं रखने का प्रावधान है, जिसका उद्देश्य परिसंपत्तियों के संविदात्मक नगदी का प्रवाह संग्रह करना है और
ख. नगदी प्रवाह की निर्दिष्ट तिथि पर परिसंपत्तियों के संविदात्मक शर्तों के तहत भुगतान किए गए मूल एवं ब्याज की राशि को बकाया राशि में सम्मिलित किया गया है।

प्रारंभिक माप के बाद प्रभावी ब्याज दर विधि का उपयोग (ईआईआर) करते हुएऐसे वित्तीय परिसंपत्तियों को परिशोधित लागत पर मापा जाता है। परिशोधित लागत की गणना अधिग्रहण पर या अभिगत प्रभावी ब्याज या शुल्क जिस पर ईआईआर के एक भाग के रूप में अधिग्रहण की कीमत पर व्यक्त होती है। ईआईआर वित्तीय आय के तहत लाभ और हानि के अंतर्गत परिशोधित होती है। हानि के कारण हुईहानियों को लाभ या हानि में स्वीकार किया जाता है।

2.15.2.2 एफवीटीओसीआई में ऋण दस्तावेज:

यदि निम्नलिखित दोनों मानदंडों को पूरा किया जाता है तो "ऋण दस्तावेज" का एफवीटीओसीआई के रुप में वर्गीकृत किया जाता है:

क. व्यापार मॉडल का उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एवं वित्तीय परिसंपत्ति की बिक्री दोनों से पूर किया जाता है,और
ख. परिसंपत्तियों का संविदात्मक नगदी प्रवाह एसपीपीआई को निरुपित करता है।

एफवीटीओसीआई श्रेणी के अंतर्गत आने वाले ऋण दस्तावेज का प्रारम्भिक तैर पर साथ ही साथ प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को उचित मूल्य पर मूल्यांकन किया जाता है। उचित मूल्य के संचार को अन्य विस्तृत आय में मान्यता प्रदान की जाती है। हालांकि कंपनी ब्याज से होने वाली आय, क्षति से होने वाले नुकसान तथा बदलाव और विदेशी मुद्रा लाभ या हानि में स्वीकार करती है। परिसंपत्ति के अस्वीकरण पर संचित लाभ अथवा हाँइ को पहले अन्य विस्तृत आय में मान्यता दी जाती थी, उसे लाभ व हानि के लिए इक्विटी से पुनर्वर्गीकृत किया गया है। एफओटीओसीआई ऋण दस्तावेज से अर्जित ब्याज को ईआईआर पद्धति का उपयोग करते हुएब्याज आय के रुप में रिपोर्ट की गई है।

2.15.2.3 एफवीटीपीएल में ऋण दस्तावेज:

एफवीटीपीएल ऋण दस्तावेज के लिए अवशिष्ट श्रेणी है। ऋण दस्तावेज जो परिशोधित लागत के रुप में अथवा एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकरण के लिए मानदंड को पूरा नहीं करता है,उसे एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

इसके अतिरिक्त,कंपनी एक ऋण दस्तावेज को निर्दिष्ट करने का चुनाव कर सकती है, जो अन्यथा एफवीटीपीएल के रुप में परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई के मानदंडों को पूरा कराती है। हालांकि ऐसे चुनाओं की अनुमति

सिर्फ तभी दी जाती है,जब कोई माप या मान्यता असंगतता को कम करता है या समाप्त करता है (जिसे लेखाकरण बेमेल कहा जाता है) कंपनी ने किसी भी ऋण दस्तावेज को एफवीटीपीएल के रुप में निर्दिष्ट नहीं किया है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल डेब्ट इंस्ट्रुमेंट को उचित मूल्य पर पी एंड एल में पहचाने गए सभी बदलावों के साथ मापा जाता है।

2.15.2.4 अनुषंगी, सहयोगियों तथा संयुक्त उद्यमों में इक्विटी निवेश:

भारतीय लेखांकन मानक 101 (भारतीय लेखांकन मानक में प्रथम बार अंगीकरण) एवं पिछले जीएएपी के अनुसार इन निवेशों की वहनीय राशि परिवर्तन तिथि पर मानी हुई लागत पर मान्य होगी। बाद में अनुषंगियों, सहयोगियों एवं संयुक्त उद्यमों में निवेश का मापन लागत पर होगा।

2.15.2.5 अन्य इक्विटी निवेश

भारतीय लेखांकन मानक 109 के दायरे में सम्मिलित सभी अन्य इक्विटी निवेश के लाभ एवं हानि को उचित मूल्य पर मापा जाता है।

अन्य सभी इक्विटी दस्तावेजों के लिए कंपनी उचित मूल्य में तत्पश्चात परिवर्तन को अन्य विस्तृत आय में प्रस्तुत करने के लिए चयन कर सकती है। कंपनी इस तरह के चुनाव को एक इंस्ट्रूमेंट्री-बेसिस के आधार पर करती है। वर्गीकरण आरंभिक स्वीकार्यता पर किया जाता है और जो कि अपरिवर्तनीय है।

यदि कंपनी एफवीटीओसीआई पर इक्विटी विपत्रों को वर्गीकृत करने का निर्णय करती है तब लाभांश को छोड़कर, दस्तावेज पर समस्त उचित मूल्य में परिवर्तित को ओसीआई में मान्यता दी जाती है। निवेशों की बिक्री होने पर भी ओ.सी.आई से पीएंडएल में राशियों को नहीं लाया जाएगा। तथापि कंपनी इक्विटी के भीतर संचित लाभ और हानि को स्थांतरित कर सकती है।

एफवीटीपीएल श्रेणी के अंदर समाविष्ट इक्विटी विपत्र पीएंडएल में मान्य सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य में स्वीकार किए जाते हैं।

2.15.2.6 गैर-मान्यता :

एक वित्तीय परिसंपत्ति की (या जहां लागू हो, वित्तीय परिसंपत्ति का एक भाग या समान वित्तीय परिसंपत्ति का एक भाग) मान्यता को मुख्य रुप से तब समाप्त कर दिया जाता है (जैसे तुलन पत्र से हटाया गया), जब

- परिसंपत्तियों से नगद प्रवाह को प्राप्त करने का अधिकार समाप्त हो गया हो अथवा
- कंपनी ने परिसंपत्तियों से नगद प्रवाह को प्राप्त करने के अधिकार को स्थानांतरित किया है या प्राप्त नगद प्रवाह का भुगतान करने हेतु दायित्व निकासी व्यवस्था के अंतर्गत तीसरी पार्टी के लिए बिना सामग्री विलंब के ग्रहण किया और या तो क) कंपनी ने परिसंपत्ति के सभी जोखिम और पुरस्कार को काफी हद तक स्थानांतरित

कर दिया है या ख) कंपनी ने न तो हस्तांतरित किया है और न ही संपत्ति के सभी जोखिम और पुरस्कार को काफी हद तक बनाए रखा है लेकिन परिसंपत्ति पर नियंत्रण को स्थानांतरित अवश्य किया है।

जब कंपनी ने परिसंपत्ति से प्राप्त नगद प्रवाह पर अपने अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया है अथवा निकासी व्यवस्था प्रारंभ किया है,तो यह मूल्यांकन करती है कि उसने स्वामित्व के जोखिमों एवं उपलब्धियों को किस हद तक अधिकार में बनाए रखा है। कंपनी ने न तो संपत्ति को हस्तांतरित किया,न ही परिसंपत्ति के सभी उपलब्धियों व जोखिम को बनाए रखा है और न ही उनके नियंत्रण को हस्तांतरित किया है। जब तक कंपनी सतत भागीदारी को बनाए रखने तथा स्थानांतरित संपत्ति की पहचान रखने का प्रयास करती है, तो ऐसे मामलों में कंपनी भी एक सहयोगी देयता की पहचान करती है। स्थानांतरित संपत्ति तथा सहयोगी देयता को एक आधार पर मापा जाता है। कंपनी द्वारा उसके दायित्वों तथा अधिकारों को प्रतिबंधित किया जाता है। सतत भागीदारी जो कि संपत्ति पर प्रतिभूति के रूप में चिन्हित है जिसे संपत्ति के मूल तथा जारी राशि के आवश्यकतानुसार चुकाया जाता है, उसे निम्न स्तर पर मापा जाता है।

2.15.2.7 वित्तीय संपत्ति की हानि -

भारतीय लेखांकन मानक 109 के अनुसार कंपनी निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों तथा क्रेडिट जोखिमों के अनावरण के माप तथा उसमें हु ईहानि के लिए कंपनी अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) के मॉडल को लागू करती है।

क. वित्तीय परिसंपत्तियां जो कि ऋण दस्तावेज है और जिनका मापन परिशोधित लागत पर किया जाता है उदाहरणत: ऋण प्रतिभूति, व्यापार प्राप्त, बैंक बेलेन्स इत्यादि।

ख. वित्तीय परिसंपत्ति जो ऋण दस्तावेज है तथा उसे एफवीटीओसीआई पर मापा जाता है।

ग. भारतीय लेखांकन मानक 17 के अंतर्गत प्राप्त पट्टे।

घ. प्राप्त पट्टे या नगद प्राप्त करने के लिए किसी भी अनुबंध का अधिकार या उस लेनदेन के परिणामस्वरुप अन्य वित्तीय सहमति जो कि भारतीय लेखांकन मानक 11 तथा भारतीय लेखांकन मानक 18 के क्षेत्र के अंतर्गत है।

हानि भत्ता की पहचान के लिए कंपनी ने निम्न सरल दृष्टिकोण का पालन किया-:

- प्राप्त कारोबार या अनुबंध राजस्व प्राप्त करने योग्य तथा
- भारतीय लेखांकन मानक 17 के अंतर्गत लेनदेन से प्राप्त सभी पट्टे।

सरलीकरण दृष्टिकोण के उपयोग से कंपनी को क्रेडिट जोखिमों में ट्रैक बदलाव को पहचानने की आवश्यकता नहीं होती है।बल्कि यह प्रारंभिक मान्यता से प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर आजीवन ईसीएल पर आधारित हानि भत्ता की पहचान करता है।

2.15.3 वित्तीय देयताएं –

2.15.3.1 प्रारंभिक मान्यता एवं माप-

कंपनी की वित्तीय देयताओं में व्यापार एवं अन्य देय,ऋण एवं बैंक ओवरड्राफ्ट सहित उधार शामिल है।

सभी वित्तीय देयताओं को शुरु में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है और ऋण और उधार और देयताओं के मामले में सीधे निवेल आरोप्य लेन-देन लागतों पर मान्यता दी जाती है।

2.15.3.2 आगामी माप (अनुवर्ती)

वित्तीय देयताओं की माप उनके वर्गीकरण पर निर्भर करती है जो कि नीचे वर्णित है।

2.15.3.3 उचित मूल्य पर लाभ या हानि के माध्यम से वित्तीय देयताएँ –

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएँ व्यापार और वित्तीय देनदारियों के लिए आयोजित वित्तीय देयताओं में शामिल की जाती है, जिसे लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर नामित किया गया है। आयोजित रूप में वित्तीय देयताओं को तब वर्गीकृत किया जाता है जब वे निकट अवधि में पुनर्खरीद के प्रयोजन के लिए उपलब्ध हो। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा व्युत्पन्न डैब्ट इन्स्ड्रुमेंट को भी शामिल किया गया है। जिसे प्रतिरक्षा संबंध में प्रतिरक्षा इन्स्ड्रुमेंट के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया जाता है, इसे भारतीय लेखांकन मानक 109 के अनुसार पारिभाषित किया गया है। सेपरेटेड इम्बेडेड डेरीवेटिवस को भी उस समय तक व्यापार के लिए आयोजित रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जबतक कि इन्हें प्रभावी प्रतिरक्षा उपकरण के रूप में चिन्हित नहीं किया जाता।

देयताओं पर लाभ या हानियों को व्यापार के लिए आयोजित लाभ या हानि के रूप में पहचाना गया है।

लाभ व हानि के माध्यम से प्रारंभिक मान्यता और उचित मूल्य पर निर्दिष्ट वित्तीय देनदारियों को मान्यता की प्रारंभिक तारीख को उसी रुप में निर्दिष्ट किया जाता है एवं केवल तभी भारतीय लेखांकन मानक 109 के मानदंड को पूरा किया जाता है। एफवीटीपीएल के रुप में निर्दिष्ट देयताओं, अपने क्रेडिट जोखिमों में परिवर्तन लाने के लिए उचित मूल्य लाभ/हानि को ओसीआई में मान्यता दी जाती है। इन लाभ/हानियों को बाद में पी एंड एल में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। हालांकि कंपनी इक्विटी के भीतर संचित लाभ या हानि को स्थानांतरित कर सकती है। ऐसी देयताओं को उचित मूल्य पर अन्य सभी परिवर्तनों के साथ लाभ तथा हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है। कंपनी ने उचित मूल्य पर किसी वित्तीय देयता को निर्दिष्ट नहीं किया है।

2.15.3.4 परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएँ –

प्रारम्भिक मान्यता के पश्चात प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता है। जब प्रभावी ब्याज पर परिशोधन की प्रक्रिया द्वारा देयताओं को वापस लिया जाता है, तब लाभ या हानि में नफा या नुकसान को पहचाना जाता है। परिशोधित लागत का आंकलन अधिग्रहण और शुल्क या लागतों पर किसी भी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखते हुए की जाती है, जो कि प्रभावी ब्याज दर का अभिन्न हिस्सा है। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागत के रूप में शामिल किया गया है। यह श्रेणी आम तौर पर उधार लेने पर लागू होती है।

2.15.3.5 गैर-मान्यता :

एक वित्तीय देयता की मान्यता को तब वापस लिया जाता है जब देयताओं के तहत दायित्व का निर्वहन रद्द या समाप्त हो गया हो। जब वित्तीय देयताओं को समान ऋणदाता के साथ विभिन्न शर्तों पर पुनःप्रतिस्थापित किया जाता है तब यह मौजूदा देयताओं के शर्तों को संशोधित करता है, तत्पश्चात इस तरह के एक विनियम या संशोधन को मूल दायित्व की मान्यता और एक नई देयता की पहचान के रुप में माना जाएगा। किसी वित्तीय देनदारी की वहन राशि (या वित्तीय देनदारी का एक हिस्सा) के बीच का अंतर समाप्त हो जाता है या किसी अन्य पार्टी को हस्तांतरित कर दिया जाता है और उसमें से किसी भी हस्तांतरित परिसंपत्तियों या दायित्वों सहित भुगतान किए गए विचारों को लाभ व हानि के रुप में स्वीकार किया जाएगा।

2.15.4 वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनः वर्गीकरण:

कंपनी प्रारंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देनदारियों का वर्गीकरण निर्धारित करती है प्रारंभिक मान्यता के बाद वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए पुनर्वर्गीकरण नहीं किया जाता है क्योंकि यह इक्विटी दस्तावेज एवं वित्तीय देनदारियां होती है। जो वित्तीय परिसंपत्तियों इक्विटी इंस्ट्रूमेंट तथा वित्तीय देनदारियां होती है, उनके लिए प्रारंभिक मान्यता के बाद पुनर्वर्गीकरण नहीं किया जाता है। वित्तीय परिसंपत्तियों जो ऋण दस्तावेज होती है, उनके लिए पुनर्वर्गीकरण तभी किया जाता है जब उन पर संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यापार मॉडल में परिवर्तन होता है। व्यापार मंडल में ऐसे परिवर्तनों की अपेक्षा फिर से की जाती है। कंपनी का वरिष्ठ प्रबंधन कंपनी के लिए बाहरी या आंतरिक परिवर्तनों जो कंपनी के परिचालन के लिए महत्वपूर्ण है, के परिणामस्वरुप ही व्यापार मॉडल में परिवर्तन निर्धारित करती है। ऐसे परिवर्तन बाहरी पार्टियों के लिए साक्ष्य होते हैं। कंपनी अपने परिचालन के लिए किसी महत्वपूर्ण है गतिविधि की या तो शुरुआत करती है अथवा समाप्त करती है, तभी व्यापार मॉडल में परिवर्तन होता है। यदि कंपनी की परिसंपत्तियों को पुनर्वर्गीकृत करती है, तो वह उस पुनर्वर्गीकरण को उसकी प्रत्याशित तिथि से लागू करती है जो व्यापार मॉडल में परिवर्तन से पहले की रिपोर्टिंग अवधि की ठीक बाद का पहला दिन होता है। कंपनी पिछले स्वीकृति प्राप्तियों, नुकसानों (हानिकरण लाभ व हानि शामिल करते हुए) अथवा ब्याज को पुनः निश्चित नहीं करती है

निम्नलिखित सारणी विविध पुन:वर्गीकरण एवं उनके स्पष्टीकरण की प्रवधि दर्शाता है:

वास्तविक वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखांकन विधि
परिशोधित लागत	एफवीटीपीएल	उचित मूल्य का मूल्यांकन पुनर्वर्गीकरण की तारीख को किया जाता है। पिछली परिशोधित लागत एवं उचित मूल्य के बीच के अंतर को पीएंडएल में स्वीकार किया जाता है।
एफवीटीपीएल	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गीकरण तिथि में उचित मूल्य इसकी नई सकल वहन राशि बन जाती है। इसी नई सकल वहन राशि के आधार पर ईआईआर की गणना की जाती है।
परिशोधित लागत	एफवीटीओसीआई	पुन:वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य का मूल्यांकन किया जाता है। परिशोधित लागत तथा उचित मूल्य के अंतर को ओसीआई में स्वीकार किया जाता है। पुनर्वर्गीकरण के कारण ईआईआर में बदलाव नहीं किया गया।
एफवीटीओसीआई	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य उसकी नई परिशोधित लागत वाली राशि होगी। हालांकि ओसीआई में लाभ या हानि को उचित मूल्य के हिसाब से समायोजित किया गया है। जिसके फलस्वरूप परिसंपत्तियों को मापा जाता है जिस तरह वे हमेशा से परिशोधित मूल्य पर मापे जाते हैं।
एफवीटीपीएल	एफवीटीओसीआई	पुन:वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य उसकी नई जारी की गई राशि होगी, जिसमें किसी अन्य राशि के समायोजन की आवश्यकता नहीं होगी।
एफवीटीओसीआई	एफवीटीपीपीएल	परिसंपत्तियों का मूल्यांकन उचित मूल्य पर किया जाएगा। ओसीआई में पहले से मान्यता प्राप्त संचयी लाभ या हानि को पुन: जमा करने की तिथि में पी एंड एल के रुप वर्गीकृत किया गया।

2.15.5 वित्तीय विपत्रों की ऑफसेटिंग:

वित्तीय परिसंपत्तियां एवं वित्तीय देनदारियों को ऑफसेट किया जाता है और यदि स्वीकृत राशि के ऑफसेट का कानूनी अधिकार वर्तमान में प्रवर्तनीय हैं एवं परिसंपत्तियों की वसूली तथा देनदारियां दोनों का निवल आधार निपटान साथ-साथ करने की प्रवृति हो, तो निवल राशि को समेकित तुलन-पत्र में लिखा जाता है।

2.16 उधार लागत:

जहां उधार लागत सीधे तौर पर क्वालिफाईंग परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए उत्तरदायी है, उन्हें छोड़कर यथावश्यक उधार लागत को खर्च किया जाता है, यानी वे परिसंपत्तियां जो अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने में आवश्यक रूप से पर्याप्त समय लेती हैं। इस मामले में उन्हें उस तारीख तक उन परिसंपत्तियों की लागत के एक भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है, जिस तारीख को अपने इच्छित उपयोग के लिए क्वालिफाईंग परिसंपत्ति तैयार होती है।

2.17 कर निर्धारण:

आयकर व्यय वर्तमान में देय कर और विलंबित कर के योग को दर्शाता है।

किसी खास अवधि के लिए कर योग्य लाभ (कर हानि) के संबंध में देय (वसूली योग्य) आयकर की राशि चालू कर है। लाभ एवं हानि एवं अन्य विस्तृत आय के विवरण में जैसा कि वर्णित "आयकर पूर्व लाभ" से करयोग्य लाभ भिन्न है क्योंकि इसमें उस आय के व्यय का मद शामिल हैं जो दूसरे वर्षों में कर योग्य अथवा कटौती योग्य होते हैं तथा इसमें वे मद शामिल हैं जो कभी करयोग्य या कटौती योग्य नहीं होते हैं। चालू कर के लिए कंपनी की देनदारी का परिकलन कर की दरों का प्रयोग कर किया जाता है जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अधिनियमित किए गए हैं या वास्तविक रूप में अधिनियमित किए गए हैं।

सामान्य तौर पर आस्थगित कर देयताओं को सभी कर योग्य अस्थायी शेषों के लिए मान्यता दी जाती है। सामान्य तौर पर सभी कटौती योग्य अस्थायी शेष के लिए उस सीमा तक आस्थगित कर को मान्यता दी जाती है कि करयोग्य लाभ मौजूद करने की संभाव्यता रहेगी जिसके लिए उन कटौती योग्य अस्थायी शेषों का उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार की परिसंपत्तियां एवं देनदारियों को मान्यता नहीं दी जाती है। यदि शेष सद्भाव अथवा लेनदेन में अन्य परिसंपत्तियों एवं देनदारियों से उत्पन्न हुआ है जो न तो करयोग्य लाभ को न ही लेखाकरण लाभ को प्रभावित करता है।

जहां कंपनी अस्थायी शेष के विपर्यय को नियंत्रित करने में सक्षम है इसकी संभावना है कि निकट भविष्य में अस्थायी शेष को रिवर्स नही किया जाएगा,उसे छोड़ कर अन्य अनुषंगियों एवं एसोसिएट में निवेश से जुड़े करयोग्य अस्थायी शेष के लिए आस्थगित कर देयताओं को मान्यता दी जाती है। इस प्रकार के निवेशों से जुड़े कटौती योग्य अस्थायी शेष से उत्पन्न आस्थगित कर परिसंपत्तियों एवं ब्याजों को उस सीमा तक तभी मान्यता दी जाती है जब यह संभाव्य हो कि पर्याप्त करयोग्य लाभ होंगे जिसके लिए अस्थायी शेषों के लाभों का उपयोग किया जा सकेगा।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की पिछली शेष की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है तथा इसे उस सीमा तक घटा दी जाती है कि परिसंपत्तियों को संपूर्ण या इसके अंश की वसूली किए जाने के लिए पर्याप्त करयोग्य लाभ उपलब्ध करने रहने की संभावना अधिक न रहे। अस्वीकृत आस्थगित कर परिसंपत्तियों का पुनर्निर्धारण रिपोर्टिंग वर्ष के अंत में किया जाता है तथा उसे उस सीमा तक मान्यता दी जाती है। आस्थगित कर

परिसंपत्ति का संपूर्ण या इसके अंश की वसूली की जा सके इसके लिए पर्याप्त करयोग्य लाभ उपलब्ध रहेगा, इसकी संभावना बन चुकी हो।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों एवं देनदारियों को कर की दरों पर मापा जाता है तथा उस अवधि में लागू होने की अपेक्षा की जाती है जिसमें देनदारी को निपटाया जाता है या परिसंपत्ति की वसूली की जाती है। ऐसा उस दर (टैक्स कानूनों) के आधार पर किया जाता है जिसे रिपोर्टिंग अवधि के अंत में पारित किया गया हो।

आस्थगित कर देनदारियों एवं परिसंपत्तियों का मापन कर के परिणाम को दर्शाता है जिसे कंपनी की रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अपनी परिसंपत्तियों एवं देनदारियों की शेष राशि की वसूली या निपटारा करने की अपेक्षा के अनुरूप तरीके से पालन किया गया है।

वर्तमान एवं आस्थगित कर को लाभ या हानि में तभी मान्यता दी जाती है जब यह अन्य विस्तृत आय अथवा इक्विटी से सीधे तौर पर मान्य आइटम से संबंध रखते हों जिस मामले में वर्तमान और आस्थगित कर को भी क्रमश: अन्य विस्तृत कर अथवा सीधे इक्विटी में मान्यता दी गई हो। जहां व्यवसाय सम्मिश्रण के लिए प्रारंभिक लेखाकरण से वर्तमान अथवा आस्थगित कर उत्पन्न होते हैं वहां व्यवसाय सम्मिश्रण के लिए लेखाकरण में कर के प्रभाव को शामिल किया जाता है।

2.18 कर्मचारी हितलाभ

2.18.1 अल्पकालिक लाभ

जिस अवधि में लाभ होते हैं उसी अवधि में कर्मचारियों के सभी अल्पकालिक लाभ को स्वीकार किया जाता है।

2.18.2 नियोजन के बाद एवं अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ:

2.18.2.1 पारिभाषित अंशदायी योजनाएं:

भविष्य निधि एवं पेंशन के तहत कंपनी अलग सांविधिक निकाय (कोयला खान भविष्य निधि) जिसका गठन कानून पारित कर किया गया हो और कंपनी की अन्य किसी राशि के भुगतान करने के लिए विधिक या संरचनात्मक दायित्व नहीं होगी,के लिए रोजगार पश्चात लाभ एवं परिभाषित अंशदायी योजना है। परिभाषित अंशदान योजनाओं में योगदान के लिए दायित्वों के लाभ एवं हानि विवरण में कर्मचारी लाभ खर्चे के रूप में माना जाता है उस अवधि के जिसके दौरान कर्मचारी सेवाएं देते हैं।

2.18.2.2 पारिभाषित लाभ योजनाएं-

परिभाषित अंशदान योजना के अलावा एक परिभाषित लाभ योजना रोजगार के उपरांत की लाभ योजना है। ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण (लाभ पर सीमा के साथ) परिभाषित लाभ योजनाएं हैं। परिभाषित लाभ योजनाओं के संबंध में कंपनी के सकल दायित्व का परिकलन भरावी लाभ राशि जिसे कर्मचारियों ने वर्तमान एवं पूर्व की अवधियों में अपनी

सेवाओं के बदले अर्जित की है,उसके अनुमान से किया जाता है। लाभ को अपने वर्तमान मूल्य का निर्धारण करने के लिए रियायत दी जाती है तथा उनके योजनागत परिसंपत्तियों के उचित मूल्य से कम कर दिया जाता है,यदि कोई ऐसा है तो। रिपोर्टिंग की तारीख को भारतीय प्रतिभूतियों के इस चालू बाजार मूल्य पर छूट की दर आधारित होती है। जिसकी परिपक्वता की तिथियां कंपनी के दायित्व की अवधि के लगभग होती एवं जिन मुद्रा में लाभ भुगतान की अपेक्षा है उस अवधि में वही मुद्रा प्रचलन में रहे।

बीमांकिक मूल्यांकन के प्रयोग में छूट दर के बारे में धारणाएं परिसंपत्तियों पर अपेक्षित वसूल किए गए भावी दर, वेतन वृद्धि दर तथा नैतिकता दर आदि के अंतर्गत शामिल होती हैं। इस तरह के अनुमान इन योजनाओं की दीर्घावधि के कारण अनिश्चितताओं के अधीन है। अनुमानित इकाई क्रेडिट विधि का उपयोग कर प्रत्येक बैलेंस शीट पर अंकित होती है जिनकी गणना बीमांकक द्वारा की जाती है। जब गणना कंपनी के हित में हों तो भविष्य में योजना के योगदान में कमी या योजना से धन वापसी के रूप में आर्थिक लाभों में स्वीकृत परिसंपत्तियों का उपलब्ध वर्तमान मूल्य पर सीमित किया जाता है। यदि योजना देनदारियां के समाधान पर या योजना के दौरान वसूली योग्य हो तो कंपनी को आर्थिक लाभ उपलब्ध होगा।

कुल पारिभाषित देयताओं का पुनः मापन किया जाता है जिसमें परिसंपत्ति योजना (ब्याज छोड़कर) पर वसूली को ध्यान में लेते हुए बीमांकिक लाभ व हानि को शामिल किया गया हो तथा परिसंपत्तियों (ब्याज छोड़कर यदि कोई हो) का प्रभाव अन्य व्यापक आय में तुरंत स्वीकार किया जाता है। कंपनी निर्धारित अवधि के लिए पारिभाषित लाभ दायित्वों को मापने एवं उपयोग होने वाली छूट दर को लागू करने के लिए शुद्ध पारिभाषित लाभ देयताओं (परिसंपत्ति) पर शुद्ध ब्याज (आय) निर्धारित करती है। इसके बाद वार्षिक अवधि के दौरान पारिभाषित लाभ देयताएं (परिसंपत्ति) योगदान और लाभ भुगतान के परिणामों के फलस्वरुप प्राप्त पारिभाषित लाभ देयताओं के अंतर्गत परिसंपत्तिओँ में परिवर्तन करती है। पारिभाषित लाभ योजनाओं से संबंधित कुल ब्याज खर्च एवं अन्य खर्चों को लाभ व हानि में स्वीकार किया जाता है।

जब योजना से प्राप्त लाभों में बढ़ोत्तरी की जाती है तब कर्मचारियों द्वारा पिछले सेवा से संबंधित बढाये गए लाभों को लाभ व हानि विवरण में खर्च के रूप में दर्शाया जाता है।

2.18.3 अन्य कर्मचारी हितलाभ

कुछ अन्य कर्मचारी लाभ योजनाएँ जैसे- एलटीए, एलटीसी, लाइफ कवर स्कीम, समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना, व्यवस्थापन भत्ता, सेवानिवृत्त के पश्चात् चिकित्सा लाभ योजना तथा खान में हुई दुर्घटनाओं में मृतकों के आश्रितों के लिए रियायत आदि उपर्युक्त वर्णित परिभाषित लाभ योजना को मान्यता प्राप्त है। इन लाभों में विशिष्ट निधिकरण नहीं है।

2.19 विदेशी मुद्रा

कंपनी की रिपोर्ट की गई मुद्रा और उसके अधिकांश कार्यों के लिए कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपये (आईएनआर) में है जो आर्थिक वातावरण की प्रमुख मुद्रा है जिसमें यह काम करता है।

लेनदेन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दर का उपयोग करते हुए कंपनी ने विदेशी मुद्राओं में हुए लेनदेन को प्रतिवेदित मुद्रा में परिवर्तित किया है। प्रतिवेदित अवधि के अंत में बकाया विदेशी मुद्राओं में अंकित मौद्रिक संपत्ति और देयताएं,प्रतिवेदित अवधि के अंत में प्रचलित विनिमय दरों पर बदली की जाती है। मौद्रिक संपत्ति एवं देयताओं का निपटान अवधि के दौरान प्रारंभिक पहचान पूर्व से परिवर्तित दर पर भिन्न मौद्रिक संपत्ति एवं देयताओं के दर में परिवर्तित होने के कारण होती है, इसे भिन्न विनिमय लाभ व हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त है।

विदेशी मुद्रा में अंकित गैर मौद्रिक मदों को लेनदेन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दरों में शामिल किया जाता है।

2.20 स्ट्रीपिंग एक्टिविटी व्यय/समायोजन

खुली खदान में खनन के मामलों में खदान के अनुपयोगी सामानों (ओवरबर्डन) जैसे मिट्टी एवं चट्टान को कोयला सीम के ऊपर से निकालना आवश्यक होता है ताकि कोयला एवं उसके निष्कर्षण को प्राप्त किया जा सके। खुली खदानों में,इस अपशिष्ट को हटाने की गतिविधि को "स्ट्रिपिंग" के रूप में जाना जाता है, कंपनी को खानों की सुरक्षा (सीएमपीडीआई द्वारा तथा परियोजना प्रतिवेदन में दर्ज तकनीकी रूप से अनुमानित) करने हेतु ऐसे खर्चों का सामना करना पड़ता है।

इसलिए एक नीति के अंतर्गत प्रतिवर्ष 10 लाख टन की क्षमता के साथ खानों में स्ट्रिपिंग की लागत पर, स्ट्रिपिंग गतिविधि परिसंपत्ति और अनुपात विवरण के समायोजन पर एवं प्रत्येक खदान पर तकनीकी मूल्यांकन वाले औसत स्ट्रिपिंग अनुपात (ओबी:कोयला) के रूप में खर्च किया जाता है। खानों के बाद खाते को राजस्व में लाया जाता है। स्ट्रिपिंग गतिविधियों के तहत् परिसंपत्ति एवं बैलेंस शीट की तिथि में अनुपात भिन्नता की कुल शेष राशि को गैर वर्तमान प्रावधान/अन्य गैर वर्तमान परिसंपत्तियों के शीर्ष के अंतर्गत स्ट्रिपिंग गतिविधि के समायोजन के रूप में अंकित किया जाता है।

रिकॉर्ड के अनुसार प्रतिवेदित अपशिष्ट पदार्थों की मात्रा ओबीआर लेखांकन अनुपात जहां प्रतिवेदित मात्रा एवं मापी गई मात्रा में भिन्नता हो को दो वैकल्पिक अनुमेय सीमा के भीतर गणना हेतु ध्यान में लाया जाता है जैसा कि नीचे उल्लेखित है।

खान के ओबीआर का वार्षिक क्वांटम	विचलन की अनुमानित सीमाएं
1 मिलियन घन-मीटर से कम	+/- 5%
1 से 5 मिलियन घन-मीटर के बीच	+/- 3%
5 मिलियन घन-मीटर से अधिक	+/- 2%

जहां उपरोक्त भिन्नता मुनासिब सीमा से परे हो, तो वहां उसे मात्रा के रूप में माना जाएगा।

2.21 वस्तु सूची

2.21.1 कोयले का भंडार:

कोल/कोक की वस्तुसूची कम लागत और शुद्ध वसूली मूल्य पर दर्शायी जाती है। वस्तुसूची की लागत की गणना प्रथम बार प्रथम पद्धति के माध्यम से होती है। शुद्ध प्राप्य मूल्य वस्तु की अनुमानित बिक्री मूल्य का प्रतिनिधित्व करती है और बिक्री करने के लिए सभी आवश्यक लागत को पूर्ण भी करती है।

जहां बही भंडार तथा मापित भंडार के मध्य विभिन्नता +/ - 5 % तक है, वहां कोयला/कोक के बही भंडार को लेखा में लिया जाता है,तथा ऐसे मामले जहां यह अंतर +/- 5% से अधिक है,वहां मापित भंडार पर ही विचार किया जाता है। ऐसे भंडार का मूल्यांकन शुद्ध प्राप्य मूल्य या लागत, जो भी कम हो, पर किया जाता है। कोयले को कोयला भंडार के भाग के रूप में माना जाता है।

कोयला एवं कोक चूर्ण का मूल्यांकन लागत के न्यूनतम अथवा निवल प्राप्य मूल्य में किया जाता है तथा कोयले के भंडार के रुप में माना जाता है।

कोल के भंडार स्लरी (कोकिंग/सेमी-कोकिंग) मध्यम स्तर के वाशरी और उनके उत्पाद शुद्ध वसूली मूल्य पर मूल्यवान होते हैं और उन्हें कोल स्टॉक के हिस्से के रूप में माना जाता है।

2.21.2 भंडार और पुर्जे

केंद्रीय और क्षेत्रीय भंडार में भंडार और स्पेयर पार्ट्स (जिसमें कमजोर उपकरण भी शामिल हैं) के स्टॉक की कीमत स्टोर लेजर के रूप में मानी जाती है एवं औसत विधि के आधार पर उसके मूल्य की गणना महत्वपूर्ण होती है। भंडारों और स्पेयर पार्ट्स की सूची में कोयला खदानों/ उप-भंडार/डीलिंग कैप/उपभोक्ता केंद्रों को वर्ष के अंत तक केवल भौतिक रूप से सत्यापित स्टोर के अनुसार मूल्यवान समझा जायेगा।

अनुपयोगी, क्षतिग्रस्त और अप्रचलित भंडार और पुर्जों के लिए 100% की दर से एवं विगत 5 वर्षों से जो भंडार व पुर्जे उपयोग में नहीं लाये गए हैं उनके लिए 50% की दर का प्रावधान बनाया गया।

2.21.3 अन्य वस्तु सूची

कार्यशाला के कार्यों का मूल्यांकन उनके कार्य की प्रगति पर निर्धारित होती है। प्रेस कार्य का स्टॉक (कार्य प्रगति के साथ) मुद्रण प्रेस में स्टेशनरी और केंद्रीय अस्पताल में दवाओं की लागत मूल्य पर निर्धारित होती है।

हालांकि स्टेशनरी (प्रिंटिंग प्रेस में लाने के अलावा) ईंटों ,रेत, दवाइयों (केंद्रीय अस्पताल को छोड़कर) विमान के पुर्जों और स्क्रैप आदि को सूची में उल्लेखित नहीं किया जाता है क्योंकि उनका मूल्य महत्वपूर्ण नहीं होता।

2.22 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं संपत्तियां

प्रावधान तब मान्य होते हैं जब कंपनी की पिछली घटना के परिणाम स्वरुप वर्तमान दायित्व (कानूनी या रचनात्मक) उसे प्राप्त होती है और यह संभव है कि दायित्वों का निपटान करने के लिए आर्थिक लाभों की आवश्यकता होनी आवश्यक है और उसे दायित्वों की विश्वसनीयता के रूप में भी लिया जा सकता है। जहां समय मूल्यवान है वहां दायित्व का निपटान करने के लिए अपेक्षित व्यय को वर्तमान मूल्य के अनुरूप रखा जाता है।

सभी प्रावधानों की समीक्षा तारीख के साथ प्रत्येक तुलनपत्र पर की जाती है और जो मौजूदा श्रेष्ठ अनुमान को दर्शाता है।

जहां यह संभव ना हो कि आर्थिक लाभों का आउटफ्लों आवश्यक हो या राशि का सटीक रूप से अनुमान नहीं लगाया जा सके तो दायित्वों को दायित्व के रूप में प्रकट किया जाना प्रासंगिक हो जाता है। इस स्थिति में आर्थिक लाभ के आउटफ्लों की संभावना दूरस्थ नहीं होती। संभावित दायित्व के अस्तित्व को केवल एक या अधिक भावी अनिश्चित घटनाओं की उपस्थिति या गैर-घटना से पुष्टि की जाएगी, जो कि पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं होगी एवं उन्हें प्रासंगिक देनदारियों के रूप में प्रकट किया जाएगा जब तक कि आर्थिक लाभ के आउटफ्लों की संभावना रिमोट नहीं होती।

प्रासंगिक संपत्तियों को वित्तीय विवरणों में मान्यता प्राप्त नहीं है। हालांकि जब आय की प्राप्ति वास्तव में निश्चित होती है, तो संबंधित कोई भी संपत्ति आकस्मिक संपत्ति नहीं होती है और ये मान्यता यथोचित होती है।

2.23 उपार्जित शेयर

समय के अनुरूप बकाया इक्विटी शेयरों को भारित औसत संख्या द्वारा कर के बाद शुद्ध लाभ से विभाजित करके प्रति शेयर मूल आय की गणना की जाती है। प्रति शेयरों में मंदित आय की गणना इक्विटी शेयरों की औसत लाभ को विभाजित करके की जाती है, जो कि शेयरों की मूल आय से होती है और इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या जो कि सभी डिलिटिव संभावित इक्विटी शेयरों के रूपांतरण पर जारी की जा सकती है।

2.24 निर्णय, आंकलन और धारणाएं

भारतीय लेखांकन मानक के अनुरुप वित्तीय विवरण को तैयार करने के लिए प्रबंधन को अनुमान, आकलन और अभिधारणा की आवश्यकता होती है जो लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग एवं परिसंपत्तियों और देनदारियों की प्रतिवेदित राशियों,वित्तीय विवरण की तारीख को आकस्मिक परिसंपत्तियों एवं देनदारियों के प्रकटीकरण तथा प्रतिवेधित अवधि के दौरान राजस्व एवं व्यय राशि को प्रभावित करती है। जटिल एवं वास्तविक अनुमान को शामिल करते हुए लेखांकन नीतियों का अनुप्रयोग तथा इन वित्तीय विवरणों में अभिधारणा के उपयोग का प्रकटीकरण किया गया है। समय - समय पर लेखांकन आकलन बदल सकता है। वास्तविक परिणाम उन आकलनों से भिन्न भी हो सकते हैं। चालू आधार पर आकलन तथा अंतर्निहित अभिधारणाओं की समीक्षा की जाती है। लेखानुमान के संशोधनों को उस अवधि में स्वीकार किया जाता है, जिसमें आकलनों को संशोधित किया जाता है तथा यदि यह महत्वपूर्ण है,तो वित्तीय विवरण की टिप्पणियों में उनके प्रभाव को प्रकट किया जाता है।

2.24.1 निर्णय

कंपनी की लेखांकन नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में प्रबंधन ने निम्नलिखित फैसले लिए हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रकाश वित्तीय वक्तव्यों में मान्यता प्राप्त राशियों पर डाला गया है:

2.24.1.1 लेखांकन नीतियों का निर्माण -

लेखांकन नीतियां ऐसे वित्तीय वक्तव्य हैं जिसमें लेनदेन, अन्य घटनाओं और शर्तो के बारे में प्रासंगिक और विश्वसनीय जानकारी प्राप्त होती है,जिसके लिए वे आवेदन करते हैं। जिन नीतियों का प्रभाव अव्यवस्थित हो उन नीतियों को लागू करने की आवश्यकता नहीं होती।

प्रबंधन ने भारतीय लेखांकन मानक के अभाव में जो विशिष्ट रूप से लेनदेन, घटना की स्थिति पर लागू होते हैं, के अंतर्गत अपने निर्णयानुसार लेखांकन नीतियों के विकास तथा उसे लागू करने के लिए तथा परिणाम प्राप्त करने हेतु निम्न जानकारियाँ उद्धृत की है।

क उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय लेने के अनुरूप और
ख वित्तीय वक्तव्यों में विश्वसनीयता :

I. कंपनी ईमानदारी से वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन और नगद प्रवाह को विश्वसनीय ढंग से प्रस्तुत करना,
Ii. आर्थिक लेनदेन, अन्य घटनाएं और स्थितियों को परिलक्षित करना, तथा केवल कानूनी फॉर्म को छोड़कर।
Iii. तटस्थ है अर्थात पूर्वाग्रह से मुक्त,
Iv. विवेकपूर्ण होते हैं, तथा
V. सभी सामग्रियां पूर्ण रुप से निरंतरता पर आधारित होती हैं।

प्रबंधन निर्णय लेते हैं और उन्हें अवरोही क्रम में निम्नलिखित स्रोतों के द्वारा संदर्भित किया जाता है।

क. भारतीय लेखांकन मानक में लेनदेन से संबंधित मुद्दों की आवश्यकताएं,और
ख. परिभाषित मानदंड और परिसंपत्तियां,देनदारी आय और खर्च की अवधारणा।

निर्णय लेने के लिए प्रबंधन अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड की सबसे हाल की घोषणाओं पर विचार करती है और उनकी अनुपस्थिति में अन्य मानक स्थापित निकायों जो कि सामान्य विचारात्मक तंत्र का उपयोग करते हुए लेखांकन मानकों और अन्य लेखांकन साहित्य और स्वीकृत उद्योग कार्य का विकास करती है जिससे कि उपरोक्त अनुच्छेद में स्रोतों के साथ विवाद की स्थिति न पैदा हो।
कंपनी खनन क्षेत्र का संचालन करती है (एक ऐसा क्षेत्र जहां अन्वेषण, मूल्यांकन, उत्पादन चरण का विकास विभिन्न स्थलाकृति और भू-क्षेत्र के इलाकों पर आधारित है, जो दशकों से चल रहे पट्टे में फैला हुआ है और जहां लगातार परिवर्तन की संभावनाएं होती है) जहां लेखांकन नीतियों की वृद्धि हुई है। पिछले कई दशकों से अनुसंधान समितियों द्वारा विशिष्ट उद्योग प्रथाओं की नियमावली के रूप में उसे अनुमोदित किया गया है। कंपनी लेखांकन साहित्य के विकास के साथ -साथ लेखांकन नीतियों के भी विकास का प्रयास करती है और इसमें भारतीय लेखांकन मानक 8 के विकास का विशेष रुप से ध्यान दिया जाता है।

वित्तीय वक्तव्यों को लेखांकन के आधार पर तैयार किया जाता है।

2.24.1.2 सामग्रियाँ -

